Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 307 | शनिवार, 08 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

### विपक्ष का गुब्बारा फूटा

# पीएम मोदी बोले- बिहार को नरेंद्र-नीतीश के विकास पर पूरा भरोसा

**नई दिल्ली।**

बिहार चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ₹डबल इंजन सरकार₹ के विकास ट्रैक रिकॉर्ड पर जनता के अटूट भरोसे का दावा किया, और बताया कि एनडीए ने राज्य के लिए तीन गुना अधिक धन आवंटित किया है। उन्होंने राजद-कांग्रेस पर बिहार की प्रगति में बाधा डालने और पहले चरण के मतदान के बाद उनके चुनावी गुब्बारे के फूटने का आरोप लगाते हुए, ₹फिर एक बार, एनडीए सरकार!

₹ के नारे के साथ मतदाताओं से अपील की। 11 नवंबर को बिहार चुनाव के दूसरे चरण से पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजद और कांग्रेस पर नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री के रूप में पहले नौ वर्षों के दौरान ₹बिहार की प्रगति में बाधा डालने₹ का आरोप लगाया और कहा कि उनकी डबल इंजन सरकार ने बिहार के विकास के लिए तीन गुना ज्यादा धन आवंटित किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने एक जनसभा में कहा कि नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री के रूप में



पहले नौ वर्षों के दौरान, केंद्र में राजद-कांग्रेस की सरकार थी... उन्होंने लगातार बिहार के विकास में बाधा डाली। उन्होंने नीतीश कुमार को काम नहीं करने दिया... 2014 में, जब मुझे सेवा करने का अवसर मिला, तो बिहार में डबल इंजन की सरकार बनी। हमने बिहार के विकास के लिए तीन गुना ज्यादा धन आवंटित किया। नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब ये चुनाव शुरू हुआ था, तब आरजेडी और कांग्रेस के लोग फूलकर गुब्बारा हुए जा रहे थे। आरजेडी और कांग्रेस के नामदार आसमान पर पहुंच चुके थे, लेकिन चुनाव प्रचार के दौरान उनके गुब्बारे की हवा निकलनी शुरू हो गई, और पहले चरण के मतदान के बाद तो यह गुब्बारा पूरी तरह फूट गया है।

> कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर की राजनीति खत्म किया। क्योंकि बाबा साहेब अंबेडकर का कद कांग्रेस के शाही परिवार से ऊंचा था। इन्होंने बाबू जगजीवन राम जी को भी सहन नहीं किया, और सीताराम केसरी जी के साथ भी यही किया। बिहार के दिग्गज नेताओं का अपमान करना, यही शाही परिवार की राजनीति का असली खेल रहा है। बिहार के इस चुनाव में, कांग्रेस और आरजेडी के बीच की लड़ाई सबके सामने आ गई है। कांग्रेसझ्रआरजेडी की दीवार टूट चुकी है, और इस टूटी दीवार पर ये लोग चाहे जितना पलस्तर कर लेंङ्घ खाई और गहरी होती जा रही है। पलस्तर से अब कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

# आईएनएस 'इक्षक' भारतीय नौसेना में शामिल

### समुद्री सर्वेक्षण क्षमताओं को मिलेगा बढ़ावा



**नई दिल्ली।**

तीसरा स्वदेशी सर्वेक्षण पोत आइएनएस 'इक्षक' कोच्चि नौसैनिक अड्डे पर एक औपचारिक समारोह में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। आइएनएस 'इक्षक' भारतीय नौसेना की समुद्री और जलीय क्षमताओं को बढ़ाने की ध्ढ़ प्रतिबद्धता को दशार्ता है। आधुनिक हाइड्रोग्राफिक, ओशनोग्राफिक सिस्टम, हेलीकाप्टर से लैस यह जहाज अद्वितीय परिचालन बहुपरकता प्रदान करता है, जो सर्वे वेसल और मानवतावादी सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) संचालन के लिए एक प्लेटफार्म के रूप में कार्य करता है। आवश्यकता पड़ने पर जहाज अस्पताल के रूप में भी कार्य कर सकता है। कमांडिंग अफसर कैप्टन त्रिभुवन सिंह ने जहाज के कमीशनिंग वारंट के पठन से की। इक्षक पहला 'सर्वे वेसल लार्ज' (एसवीएल) है जिसे समर्पित महिला आवास के साथ डिजाइन किया गया है, जो नौसेना की समावेशिता व आधुनिकीकरण की प्रतिबद्धता दशार्ता है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने 'इक्षक' को भारतीय नौसेना, उद्योगों और एमएसएमई के बीच प्रभावी सहयोग का प्रमाण बताया, जो आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक है।

> **आत्मनिर्भर भारत का प्रतीक**
>
> कठर 'इक्षक' अनजान जल क्षेत्रों का मानचित्रण करने, समुद्री सुरक्षा को बढ़ाने और अहम समुद्री मार्गों पर राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत करने के लिए तैयार है।

## ट्रंप ने दक्षिण अफ्रीका में जी20 समिट का किया बहिष्कार

**नई दिल्ली।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दक्षिण अफ्रीका में जी-20 समिट के बहिष्कार करने का एलान किया है। उन्होंने इसका कारण दक्षिण अफ्रीकी में श्वेत किसानों के साथ होने वाले कथित दुर्व्यवहार को बताया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि वह इस महीने के आखिर में दक्षिण अफ्रीका में होने वाले जी20 सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेंगे। इसके बाद अब ट्रंप ने शुक्रवार को घोषणा की है कि जी20 शिखर सम्मेलन में कोई भी अमेरिकी अधिकारी हिस्सा नहीं लेगा। उन्होंने इसके पीछे का कारण वहां श्वेत किसानों के साथ किए जा रहे 'दुर्व्यवहार' को बताया है। दक्षिण अफ्रीका से नाराज चल रहे डोनाल्ड ट्रंप ने ऋ20 समिट के बहिष्कार का एलान किया है। ट्रंप पहले ही कह चुके थे कि वे खुद इस महीने के आखिर में होने वाले जी-20 सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। उनकी जगह उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को भेजे जाने की योजना थी, लेकिन अब वे भी दक्षिण अफ्रीका नहीं जाएंगे।

> कोई भी अमेरिकी अधिकारी नहीं होगा शामिल

## मुकेश अंबानी ने नाथद्वारा में किए श्रीनाथजी के दर्शन



**उदयपुर।**

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने शुक्रवार शाम नाथद्वारा पहुंचकर भगवान श्रीनाथजी की भोग आरती झांकी के दर्शन किए। वे शाम 5:10 बजे हवेली पहुंचे और दर्शन के बाद मोती महल गए। मंदिर के तिलकायत पुत्र विशाल बावा ने उन्हें रजाई और ऊपरना ओढ़ाकर प्रसाद एवं आशीर्वाद प्रदान किया। मुकेश अंबानी और विशाल बावा ने करीब आधे घंटे तक विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

## बिहार में आज मुख्यमंत्री योगी की होंगी तीन जनसभाएं

**लखनऊ।**

बिहार विधान सभा चुनाव के प्रचार में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को तीन जनसभाएं कर भाजपा व एनडीए के पक्ष में माहौल बनाएंगे। मुख्यमंत्री अब तक 24 जनसभाएं व एक रोड शो कर चुके हैं। योगी शनिवार की सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वाराणसी में कार्यक्रम करने के बाद बिहार के चुनाव प्रचार में जाएंगे।

उनकी पहली जनसभा पूर्वी चम्पारण जिले की मोतिहारी विधान सभा क्षेत्र में होगी। यह जनसभा स्पोर्ट्स क्लब में दोपहर 12:30 बजे से होगी। इसके बाद दूसरी जनसभा पूर्वी



चम्पारण जिले की पिपरा विधान सभा क्षेत्र में होगी। यह जनसभा तिरहुत हाई स्कूल मेहसी में दोपहर 1:45 बजे से होगी। योगी की तीसरी जनसभा गयाजी जिला के अतरी विधान सभा क्षेत्र में होगी। यह जनसभा खेल मैदान उच्च विद्यालय बेला गतरी में दिन में 3.20 बजे से होगी।

## गुवाहाटी के आसमान में राफेल, सुखोई और अपाचे भरेंगे परवाज

**नई दिल्ली।**

भारतीय वायु सेना अगले दो दिनों में गुवाहाटी में पूर्वोत्तर क्षेत्र में पहला पूर्ण-स्तरीय एयर शो आयोजित करने जा रही है। शो में देश के लड़ाकू विमान जैसे राफेल, सुखोई, अपाचे और आईएल-78 रिफ्यूलर का प्रदर्शन किया जाएगा।

भारतीय वायु सेना की 93वीं वर्षगांठ समारोह के उपलक्ष्य में पूर्वी वायु कमान शनिवार और रविवार को ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपर लाचित घाट पर शो का आयोजन कर रही है, जिसमें 25 से अधिक संरचनाओं में 75 से अधिक लड़ाकू हेलीकाप्टर और विमान प्रदर्शित किए जाएंगे।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पूर्वी वायु कमान के एयर आफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल सूरत सिंह की उपस्थिति में रविवार को नदी की प्राकृतिक सुंदरता के बीच इस नजारे को देखने के लिए उपस्थित रहेंगे। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## दार्जिलिंग के स्कूलों में नहीं गूंजेगा बंगाल का राज्य गीत

**दार्जिलिंग।** दार्जिलिंग पहाड़ ने बंगाल सरकार के उस आदेश को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें सभी स्कूलों में सुबह की प्रार्थना सभा में राज्य गीत 'बांग्लार माटी, बांग्लार जल' गाना अनिवार्य किया गया था। गोरखालैंड क्षेत्रीय प्रशासन (जीटीए) के प्रमुख कार्यकारी अनित थापा ने शुक्रवार को साफ कर दिया कि यह नियम जीटीए क्षेत्र के किसी भी स्कूल पर लागू नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जीटीए एक स्वायत्त प्रशासनिक व्यवस्था है।

## पीएम मोदी आज काशी में, चार वंदे भारत ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी, सीएम योगी होंगे साथ

**वाराणसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज चार वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। यह नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एनार्कुलम-बंगलूरू रूटों पर चलेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी दौरे पर हैं। वे आज चार वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। यह नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें बनारस-खजुराहो, लखनऊ-सहारनपुर, फिरोजपुर-दिल्ली और एनार्कुलम-बंगलूरू रूटों पर चलेंगी। कल देर रात रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया और आगामी कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी साझा की। बनारस-खजुराहो वंदे भारत वाराणसी, प्रयागराज, चित्रकूट समेत देश के कुछ सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों को जोड़ेगी। लखनऊ-सहारनपुर वंदे भारत ट्रेन 7:45 घंटे में यात्रा पूरी करेगी। यह ट्रेन लखनऊ, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर, सहारनपुर के यात्रियों को काफी लाभ पहुंचाएगी। फिरोजपुर-दिल्ली वंदे भारत इस मार्ग पर सबसे तेज गति से चलने वाली ट्रेन होगी, जो 6:40 घंटे में यात्रा पूरी करेगी।



## सावधान! बढ़ने वाली है ठंड, आज हिमाचल-उत्तराखंड में होगी बर्फबारी

**नई दिल्ली।**

देश में सर्दी ने दस्तक दे दी है! आज उत्तर भारत में तापमान तेजी से गिरने वाला है, जबकि दक्षिण भारत में मूसलाधार बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली, बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में ठंड बढ़ेगी, वहीं तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। हिमाचल और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान, उत्तर आंतरिक कर्नाटक में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हुई। उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, रायलसीमा, उत्तर तमिलनाडु और अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, दक्षिण तमिलनाडु और दक्षिण मध्य महाराष्ट्र में हल्की बारिश हुई। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और विदर्भ में न्यूनतम तापमान 2 से 4 डिग्री तक गिरा। अगले 24 घंटे के दौरान, केरल में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। तमिलनाडु, दक्षिण कर्नाटक और अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में हल्की से बहुत हल्की बारिश संभव है। पूर्वी और मध्य भारत के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट हो सकती है।

> ■ इस बीच खराब हवा की गुणवत्ता से लोगों को सांस लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।



## पूर्वी आर्मी कमांडर ने धुबरी में नए सैन्य स्टेशन की रखी आधारशिला

**कोलकाता।** सेना की पूर्वी कमान के जनरल आफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने गजराज कोर के दौरे में गुरुवार को असम के धुबरी के बामुनिगांव में लचित बोरफुकन के नाम पर नए सैन्य स्टेशन की आधारशिला रखी।

कोलकाता में पूर्वी कमान मुख्यालय द्वारा एक बयान में इसकी जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि महान अहोम कमांडर लचित बोरफुकन के नाम पर यह नया सैन्य स्टेशन साहस, नेतृत्व और लचीलेपन की अदम्य भावना का प्रतीक है जो एक पुनरुत्थानशील असम की विरासत को परिभाषित करता है। इस सैन्य स्टेशन की स्थापना इस क्षेत्र में भारतीय सेना की परिचालन क्षमताओं और बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गजराज कोर के अग्रिम क्षेत्रों का भी दौरा कर आंतरिक सुरक्षा स्थिति तथा परिचालन तत्परता की समीक्षा की। साथ ही सेना द्वारा किए जा रहे बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। लेफ्टिनेंट जनरल तिवारी ने नए सैन्य अड्डे की स्थापना में अटूट सहयोग और समर्थन के लिए असम सरकार और नागरिक प्रशासन के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

## संपादक की कलम से

# सरकार बदलना अपराध नहीं

यह कैसा न्याय और लोकतंत्र है? राजधानी दिल्ली में 2020 में दंगे हुए थे। उसके पांच आरोपितों में उमर खालिद, शरजील इमाम और तीन अन्य हैं, जो राक्षसी कानून यूएपीए के तहत जेल में हैं। जेल के 5 साल बेहद लंबे और कष्टकारक होते हैं। यूएपीए आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का एक बेहद कड़ा और पेचीदा कानून है। टाडा और पोटा को समाप्त कर यूएपीए बनाया गया था। इन 5 लंबे सालों में दिल्ली पुलिस कैद नौजवानों को न तो आतंकवादी और न ही दंगई साबित कर पाई है। अदालत में आरोप तक तय नहीं हो पाए हैं। दिल्ली पुलिस ने सर्वोच्च अदालत में हलफनामा दाखिल कर इन नौजवान आरोपितों की जमानत का भी विरोध किया है। तर्क दिया गया है कि उन्होंने देश की सरकार बदलने की साजिश रची थी। कमोबेश अदालत के जरिए यह भी देश के सामने आना चाहिए था कि इन नौजवानों ने किस संगठन या आतंकियों के साथ साजिश रची थी? बेहद गंभीर सवाल है कि क्या लोकतंत्र में सरकार बदलना कोई अपराध है अथवा यह अवैध कवायद है? पांच साल काफी लंबा वक्त है। यूएपीए के प्रावधान बेहद कड़े हैं और उनमें जमानत मिलना लगभग असंभव है। यदि इन नौजवानों को, सजायाफ्ता घोषित हुए बिना ही, निरंतर जेल में रखना है, तो फिर मौलिक अधिकार, संविधान, लोकतंत्र की बातें करना या दावे करना फिजूल है। यदि पांच साल जेल काटने के बाद वे बेकसूर साबित हुए, तो इस सजा का हजार्ना कौन भरेगा? देश में ऐसा कोई ठोस कानून नहीं है, जो ऐसी स्थिति में दोषी व्यक्ति या सरकार तय कर सके। सर्वोच्च अदालत ही कई मौकों पर टिप्पणी कर चुकी है कि एक आरोपित को लंबे वक्त तक, महज आरोपों के आधार पर ही, जेल में कैद रखना भी अवैध है। फिर ये शिक्षित नौजवान जमानत पाने से वंचित क्यों हैं? चूंकि वे मुसलमान हैं, लिहाजा आतंकी या दंगई भी होंगे, यह कोई मानदंड नहीं है। वे जेल में बंद रहेंगे, सिर्फ यूएपीए के प्रावधानों के कारणङ्क! दुर्भाग्य और विडंबना है। ऐसा कानून देश के नागरिक से बड़ा और महत्वपूर्ण नहीं हो सकता। इसे संशोधित किया जाना चाहिए। बहरहाल लोकतंत्र में सरकार बदलना अथवा एक समानांतर जनमत तैयार करना कोई संवैधानिक गुनाह नहीं है। सरकार के साथ संसद सबसे महत्वपूर्ण संस्था है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स के मुताबिक, करीब 46 फीसदी, यानी 251, सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं, लेकिन वे जेल के बजाय संसद में मौजूद हैं और देश के लिए कानून बना रहे हैं। उनमें से 170 सांसद ऐसे हैं, जिनके खिलाफ बलात्कार, हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण, फिरौती और महिला संबंधी गंभीर अपराध दर्ज हैं, अदालत में तारीखें पड़ रही हैं, लेकिन उन्हें तो साल-दर-साल जेल की सजा नहीं सुनाई गई! यह कैसा लोकतंत्र है? क्या देश में दोगली न्यायिक व्यवस्था है? इन पांच सालों में कमोबेश यह ही स्पष्ट कर दिया गया होता कि इन नौजवानों के अपराध क्या हैं? उनकी पढ़ाई बर्बाद हो रही है, करियर नष्ट हो रहा है, ऐसे नौजवानों को देश की ताकत बनाया जाना चाहिए था। देश में ऐसा कौन-सा राज्य या शहर है, जहां भयावह दंगे नहीं हुए, पत्थर, लाठी-डंडे-तलवार नहीं चले, आगजनी नहीं की गई, सांप्रदायिकता का जहर नहीं फैलाया गया! भारत तो मानसिक तौर पर ही दंगों का देश है। हमारा सरोकार सिर्फ इतना है कि सरकार बदलना कोई अपराध नहीं है और वह भी यूएपीए के तहतङ्क! संसद में विपक्षी सांसद सवाल पूछते हैं, कामरोको प्रस्ताव दिए जाते हैं, सरकार के प्रति अविश्वास जताने वाले नोटिस दिए जाते हैं, लोकतंत्र में पूरी राजनीति और मुखालफत सरकार बदलने के मद्देनजर ही की जाती रही है। क्या वे सभी अपराधी हैं? यदि आरोपित नौजवान देश के खिलाफ युद्ध जैसे हालात बनाते, सरकार के पतन की साजिश रचते, विध्वंस की बर्बादियां सामने आतीं, नरसंहार किए जाते, तो बेशक ये ऐसे अपराध माने जाते, जिसमें यूएपीए लागू किया जाता और आतंकियों, देशद्रोहियों को जेल में डाला जाता!



ललित शर्मा
संपादक

# वन्दे मातरम के 150 वर्ष राष्ट्रभक्ति का स्वर, एकता का उत्सव

1870 के दशक में बंगाल के महान साहित्यकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने वन्दे मातरम् लिखा। इसे उन्होंने 7 नवम्बर 1875 को अपने प्रसिद्ध उपन्यास आनंदमठ (1882) में शामिल किया। यह गीत संस्कृत और बंगला-दोनों भाषाओं में लिखा गया था। संगीतकार जदुनाथ भट्टाचार्य ने इसे राग देश में स्वरबद्ध किया। भारत का राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम्‌ इस वर्ष अपनी रचना के 150वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। 7 नवम्बर 2025 का यह दिन केवल एक गीत की वर्षगांठ नहीं, बल्कि उस राष्ट्रीय चेतना का उत्सव है जिसने सोए हुए भारत को जगाया था। यह गीत शब्दों से परे एक भावना है-भक्ति और स्वाधीनता का संगम, जिसने पराधीनता की घोर अंधेरी रात में आशा का दीप प्रज्वलित किया।

वन्दे मातरम् वह स्वर है जो साहित्य से आगे बढ़कर भारत की आत्मा बन गया, जिसने जन-जन के हृदय में यह विश्वास जगाया कि मातृभूमि ही सर्वोच्च आराध्या है-और उसकी सेवा, जीवन का सबसे पवित्र धर्म। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर मन की बात में कहा-वन्दे मातरम्... इसमें कितनी भावनाएँ, कितनी ऊर्जा समाई है। यह हमें माँ भारती के मातृत्व का अनुभव कराता है। यह हमारे हृदय की तरंगों का उद्गार है, एक ऐसा मंत्र जो 140 करोड़ भारतीयों को एकता की ऊर्जा से जोड़ता है। उन्होंने देशवासियों से #शंल्लीटिं३१ें150 अभियान के माध्यम से इसे जन-जन का उत्सव बनाने का आान किया। वन्दे मातरम् दो संस्कृत शब्दों से मिलकर बना है। वन्दे शब्द संस्कृत धातु वन्द् से निकला है, जिसका अर्थ है - स्तुति करना, नमन करना या सम्मानपूर्वक प्रणाम करना। यह धातु ऋग्वेद मंडल 10, सूक्त 151, मन्त्र 4 में मिलती है- देवा वन्दे मनुष्याः। (अर्थात - मनुष्य देवताओं की वन्दना करते हैं।) यहाँ वन्दे शब्द का प्रयोग प्रणाम और स्तुति के भाव में हुआ है। मातरम् शब्द का अर्थ माँ या जननी है, जो यहाँ मातृभूमि अर्थात भारत माता के लिए प्रयुक्त हुआ है। इस प्रकार वन्दे मातरम् का अर्थ है - हे माँ, तुझे प्रणाम। यह केवल एक भाषिक संरचना नहीं, बल्कि भारतीय चेतना की गहराई में निहित मातृभक्ति, श्रद्धा और देशप्रेम का अमर प्रतीक है। 1870 के दशक में बंगाल के महान साहित्यकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने वन्दे मातरम् लिखा। इसे उन्होंने 7 नवम्बर 1875 को अपने प्रसिद्ध उपन्यास आनंदमठ (1882) में शामिल किया। यह गीत संस्कृत और बंगला-दोनों भाषाओं में लिखा गया था। संगीतकार जदुनाथ भट्टाचार्य ने इसे राग देश में स्वरबद्ध किया। वन्दे मातरम् बंकिमचंद्र की मातृभूमि के प्रति गहरी आस्था का प्रतीक था। उन्होंने इसमें भारत की नदियों, खेतों, फसलों और वनों को देवी के रूप में देखा-माँ दुर्गा, जो पालक भी है, रक्षक भी। 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने सर्वप्रथम वन्दे मातरम् को गाया। इस अधिवेशन की अध्यक्षता एक मुस्लिम नेता रहीमतुल्ला मोहम्मद सयानी ने की थी। उस समय यह गीत पूरे सभागार में राष्ट्रभावना का संचार कर गया। इसकी प्रतिध्वनि दक्षिण भारत तक पहुंची - तमिल कवि सुब्रमण्य भारती ने इसे तमिल में गाया, और पंतलु ने इसे तेलुगु में रूपांतरित किया। परंतु दुखद यह है कि समय के साथ राजनीति ने इस गीत को तुष्टिकरण राग में बदल दिया। 1901 के कलकत्ता कांग्रेस अधिवेशन में दक्षिणरंजन सेन ने जब पियानो की धुन पर यह भजन गाया, तो उसकी गूंज पूरे सभागार में फैल गई। इसके बाद महात्मा गांधी ने डर्स्र्ल्ल्ल्रङ्गल्ल पत्रिका में यह प्रस्ताव रखा कि वन्दे मातरम् को भारत का राष्ट्रगान घोषित किया जाए। गांधीजी ने लिखा-यह गीत भारत की आत्मा है; इसे गाना अपने देश के प्रति कर्तव्य का पालन है। कांग्रेस के काकीनाडा अधिवेशन में जब प्रसिद्ध संगीतज्ञ पंडित विष्णु दिगंबर पलुस्कर ने वन्दे मातरम् का गायन आरंभ किया, तो अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद जौहर अली ने आपत्ति जताई। 1906 में मुस्लिम लीग के गठन के साथ ही यह विरोध संगठित रूप लेने लगा और कहा गया कि यह गीत एकेश्वरवाद के सिद्धांत के विपरीत है। 1937 में जब कांग्रेस की एक समिति गठित की गई, तो मौलाना अबुल कलाम आजाद और सुभाषचंद्र बोस जैसे नेताओं ने यह मध्य मार्ग सुझाया। मौलाना आजाद ने कहा-गीत के पहले दो पद पूर्णतः सांस्कृतिक और भौतिक वर्णन हैं; इन्हें राष्ट्रीय गीत के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। इस पर 1937 में कांग्रेस ने आधिकारिक निर्णय लिया कि केवल पहले दो पद ही राष्ट्रगीत के रूप में मान्य होंगे। 1909 में श्री अरविन्द घोष ने इसका अंग्रेजी अनुवाद किया-माँ, मैं तुझे प्रणाम करता हूँ-जो कर्मयोगिन पत्रिका में प्रकाशित हुआ। उन्होंने लिखा-वन्दे मातरम् राष्ट्रीयता की अभिव्यक्ति थी। यह शीघ्र ही पूरे भारत में फैल गया और लाखों लोगों के होंठों पर गूंजने लगा। युवा क्रांतिकारी खुदीराम बोस, जिनकी उम्र मात्र 18 वर्ष थी, जब 1908 में फांसी पर चढ़े, तो उनके होंठों पर आखिरी शब्द थे-वन्दे मातरम्! उनकी मुस्कराती तस्वीर और यह नारा देश के हर युवा के दिल में आग बन गया। अदालत में जब-जब भारतीय क्रांतिकारियों पर मुकदमे चले, वे जजों के सामने भी वन्दे मातरम् के नारे लगाते थे। ब्रिटिश कानून के तहत यह राजद्रोह माना गया, लेकिन यह नारा अब जनता का धर्म बन चुका था। 1906 में चित्रकार अवनीन्द्रनाथ ठाकुर ने भारत माता चित्र बनाया-चार हाथों वाली देवी, जिनके हाथों में पुस्तक, माला, वस्त्र और अन्न हैं-ज्ञान, श्रद्धा, वस्त्र और भोजन के प्रतीक। सिस्टर निवेदिता ने इस चित्र को देखकर कहा-यह चित्र उस माँ की आत्मा का प्रतीक है जो अपने बच्चों को ज्ञान, श्रद्धा, वस्त्र और भोजन देती है। यह चित्र और वन्दे मातरम् दोनों उस काल की एक ही भावना का दृश्य और श्रव्य रूप बन गए-भारत माँ की पुकार। वन्दे मातरम् की लोकप्रियता जितनी तेजी से बढ़ी, उतना ही विरोध भी बढ़ा। मुहम्मद अली जिन्ना ने इसका तीव्र विरोध किया। कायदे-आजम पेपर्स (1938) में दर्ज है कि जिन्ना ने इसे मूर्तिपूजक बताया और कहा कि यह गीत मुस्लिम समुदाय के लिए अस्वीकार्य है क्योंकि इसमें भारत को देवी के रूप में चित्रित किया गया है। जिन्ना का कहना था कि यह गीत इस्लाम की मूल भावना यानी एकेश्वरवाद के खिलाफ है। कांग्रेस ने सभी समुदायों की भावनाओं का सम्मान करते हुए फैसला किया कि वन्दे मातरम् को राष्ट्रीय गीत के रूप में सम्मान दिया जाएगा, जबकि जन गण मन को राष्ट्रगान बनाया जाएगा।



*कोई भी भारतीय, हिंदू या मुस्लिम, इसके प्रति उदासीन नहीं रह सकता। बाद के वर्षों में भी, जब कभी इस गीत पर विवाद उठा, कई विद्वानों ने इसे राजनीति का परिणाम बताया, न कि धर्म का। भारत के पूर्व राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने लिखा-वन्दे मातरम् का विरोध धर्म से नहीं, बल्कि विभाजनकारी राजनीति से उत्पन्न हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में-वन्दे मातरम् हमारे हृदयों की भावनाओं का ज्वार है, एक ऐसा मंत्र जो 140 करोड़ भारतीयों को एकता की ऊर्जा से जोड़ता है। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने संविधान सभा में कहा था-वन्दे मातरम् जिसने स्वतंत्रता संग्राम में ऐतिहासिक भूमिका निभाई, उसे जन गण मन के समान सम्मान दिया जाएगा। और श्री अरविन्द घोष ने कहा था-वन्दे मातरम् लाखों भारतीयों के होंठों पर था। यह गीत आज भी उसी ऊर्जा से भरा हुआ है, जो भारत को एक सूत्र में पिरोती है-एक ऐसा भाव जो किसी धर्म, भाषा या क्षेत्र से नहीं, बल्कि माँ भारती के प्रति असीम प्रेम से उपजा है। यही कारण है कि वन्दे मातरम् आज भी हर भारतीय के हृदय की धड़कन है, क्योंकि यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का अमर स्वर है।*

## मोनिका डागा
## रविवार की छुट्टी और मॉं
### कविता



हम बच्चे तो करते हैं रविवार की छुट्टी का इंतजार,
दोस्तों संग गपशप खेलकूद धूम धड़ाका होगा यार,
पर सप्ताह के सातों दिन मॉं नहीं करती हैं आराम,
एक धार लगी रहती हैं दस हाथों से करती काम ।

गर्मी, बसंत, बरखा, हेमंत, शिशिर कोई ऋतु हो,
चाहे कोई विशेष तीज त्योहार मनाया जा रहा हो,
ठाकुर जी की करती चित्‌मन सेवा मॉं आठों याम,
झटपट करती रसोई की तैयारी सुबह, दोपहर, शाम ।

नये सप्ताह का कार्यक्रम रविवार को करती निर्धारित,
सौ काम होते मॉं को न जाने कैसे करती सब संचालित,
रखती मॉं बहुत ही बेहतरीन अप टू डेट हर एक सिस्टम,
हल्का कर देती हैं हमारा कोई भी तनाव भारी भरकम ।

पापा और सभी बड़ों का घर में वो रखती बहुत ध्यान,
परिवार के इर्द-गिर्द बस बसी हम बच्चों में उसकी जान,
मॉं होना सचमुच में नहीं है इतना आसान हे परमेश्वर !
सौभाग्यशाली हम मिला हमें ये कीमती ₹आनंद₹ उपहार ।

राजधानी की तरह दौड़ती कितने कामों को सम्हालतीं,
होठों पर लिए मुस्कान नहीं हांफती और नहीं वो थकती,
हमारी परेशानियों को चुटकी में कर देती हैं मॉं तमाम,
मॉं होना है कितना मुश्किल मॉं को करते हैं हम सलाम ।

# दिल्ली की यमुना में गोवा-मुंबई जैसा क्रूज अनुभव, दिसंबर से शुरू होगा यादगार सफर



दिल्ली की यमुना नदी में क्रूज सेवा शुरू की जा रही है। यह क्रूज सेवा दिल्ली के सोनिया विहार पुस्ते से लेकर जगतपुर के बीच चलेगी। दिल्ली के पर्यटन मंत्री के मुताबिक इससे न सिर्फ लोगों को नया एक्सपीरियंस मिलेगा, बल्कि यमुना किनारे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। अब दिल्लीवालों को क्रूज यात्रा करने के लिए गोवा या फिर मुंबई जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। क्योंकि अब क्रूज यात्रा दिल्ली में शुरू होने जा रही है। दरअसल, दिल्ली सरकार यमुना नदी में क्रूज सेवा शुरू करने जा रही है। इसके तहत दिसंबर से यमुना में क्रूज सेवा शुरू होने की उम्मीद है। यह क्रूज सेवा दिल्ली के सोनिया विहार पुस्ते से लेकर जगतपुर के बीच चलेगी। दिल्ली के पर्यटन मंत्री के मुताबिक इससे न सिर्फ लोगों को नया एक्सपीरियंस मिलेगा, बल्कि यमुना किनारे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। दिल्ली सरकार चाहती है कि लोग अपने शहर में पानी के सफर का आनंद उठाएं और साथ ही यमुना को एक आकर्षक टूरिस्ट स्पॉट के तौर पर भी विकसित किया जा सके। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिल्ली में शुरू होने जा रही क्रूज सेवा के बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

**यमुना में उठा सकेंगे क्रूज का मजा:** बता दें कि दिल्ली सरकार यमुना नदी को साफ-सुथरा बनाने और इसको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के योजना पर काम कर रही है। इसके तहत पर्यटन मंत्रालय ने यमुना नदी में क्रूज सेवा शुरू किए जाने का ऐलान किया है। पर्यटन मंत्री के अनुसार, क्रूज के हिस्सों को जोड़ने का काम पूरा होने को है, वहीं कुछ दिनों में यमुना में क्रूज सेवा शुरूकर दी जाएगी। सोनिया विहार के पास पर्यटकों के चढ़ने-उतरने और ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। जिससे कि लोग आसानी से इस यात्रा का लुत्फ उठा सकें।

**पिक एंड ड्रॉप पॉइंट:** यमुना नदी पर शुरू होने वाली क्रूज सेवा फिलहाल सोनिया विहार से जगतपुर तक शुरू होगी। यात्रियों को जगतपुर नहीं उतारा जाएगा, बल्कि उनको वापस क्रूज से सोनिया विहार लाया जाएगा। यानी की 90 मिनट में कुल 10 किमी की यात्रा तय की जाएगी। इस क्रूज में एक बार में करीब 100 से अधिक लोग सफर कर सकेंगे। वहीं अभी तक टिकट का किराया तय नहीं किया गया है। यह पहल दिल्ली में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ लोगों को यमुना किनारे एक नया अनुभव देने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है।

**मिलेंगी ये सुविधाएं:** जल्द ही दिल्ली की यमुना नदी में क्रूज सेवा शुरू होने जा रही है। इस क्रूज में 90 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी और खाने-पीने के लिए कैफे और रेस्तरां की सुविधा भी मिलेगी। क्रूज सोनिया विहार पुस्ते से चलेगा और करीब 8 किमी का सफर तय करके जगतपुर शनि मंदिर तक जाकर वापस सोनिया विहार आएगा। मानसून के समय क्रूज सेवा बंद रहेगी, क्योंकि मानसून में यमुना का जल स्तर बढ़ जाता है। क्रूज सेवा शुरू करने के पीछे सरकार का उद्देश्य यमुना किनारे पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना है।

**टिकट की कीमत:** प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के मकसद सिर्फ नया टूरिस्ट स्पॉट बनाना नहीं बल्कि लोगों को यमुना नदी से जोड़ना है। लोग जब यमुना नदी को करीब से देखेंगे, तो इसको साफ बनाए रखने की अपनी जिम्मेदारी को भी महसूस करेंगे। वहीं टिकट की कीमतें पर्यटन मंत्री और सीएम की मंजूरी के बाद तय की जाएंगी। प्रयास होगा परिवारों, छात्रों और पर्यटकों के लिए टिकट सस्ती रखी जाए।

**दिल्ली मेट्रो से जोड़ा जाएगा:** अब ऊळ‌उ के साथ मिलकर पर्यटन विभाग यमुना क्रूज जेटी को पास के मेट्रो स्टेशनों से जोड़ने की भी तैयारी कर रहा है। जिससे कि लोगों को वहां पर पहुंचने में समस्या न हो। वहीं सुबह और शाम के समय कई ट्रिप चलाई जाएंगे। जिससे पर्यटक यमुना के खूबसूरत नजारों का लुत्फ उठा सकें।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# स्कूली बच्चों व महिलाओं की पहली पंसद बन गये हैं जादूगर सम्राट शक्ति

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** रामपुर में जादूगर सम्राट शक्ति ने अपनी कला से रामपुर के लोगो का मन मोह लिया हैं। मैजिक शो में बच्चों के लिए खास कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जो बच्चों को काफी पसंद आ रहे हैं। जादूगर सम्राट शक्ति स्कूली बच्चों व महिलाओं की पहली पंसद बन गये हैं।

मैजिक शो के संचालक नदीम मलिक ने बताया कि 22 वर्षीय जादूगर सम्राट शक्ति ने बहुत छोटी उम्र में पूरे देश में अपनी अलग पहचान बना रखी हैं। जादूगर सम्राट शक्ति देश के विभिन्न प्रदेश व जिलों में अपने सफलतापूर्वक मैजिक शो कर चुके हैं। देहरादून, हरिद्वार, सिडकुल, लक्सर, रूड़की, काशीपुर, सरहंद शरीफ, अंबाला, शाहबाद, बांदा, खुर्जा, मोदीनगर, बुलन्द शहर सहित आदि शहरों में अपना कला का प्रदर्शन कर वाहवाही लूट चुके हैं। अब रामपुर में पिछले माह की 24 तारीख से वह शाहबाद गेट स्थित डायमंड में दोपहर एक व शाम सात बजे शो कर रहे हैं। नदीम मलिक ने बताया कि मैजिक शो में विभिन्न जादू के खेलों के अलावा बेटी बचाओ, बेटी पढाओ, कन्या भ्रूण हत्या, नशा मुक्ति, जल ही जीवन हैं आदि सामाजिक उद्देश्यों को भी अपने मैजिक के जरिये जनता तक पहुंचा रहे हैं। स्कूली बच्चों के लिए भी वह अपने शो में खास कार्यक्रम आयोजित करते हैं जो बच्चों को खूब पसंद आ रहे हैं। छोटी उम्र में इतनी तरक्की कर बच्चों व बढों के दिलों में एक खास मकाम बनाना काफी बड़ी बात हैं। नदीम मलिक ने बताया कि रामपुर एक गंगा जमुनी तहजीब का शहर हैं और यहां पर कलाकारों को बहुत मान व सम्मान दिया जाता हैं। रामपुर के लोग कला को बखूबी पहचानते हैं और कलाकारों की हौसला अफजाई करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते। रामपुर के लोगों को उन्हे पूरा समर्थन मिल रहा हैं जो काफी प्रशंसनीय हैं।

# श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया

**मुरादाबाद** : आदर्श कला संगम मुरादाबाद द्वारा सुप्रसिद्ध नाट्य निर्देशक, नाटककार एवं रंगकर्मी दया प्रकाश सिन्हा आई ए एस (अवकाश प्राप्त) के आकस्मिक निधन पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कहा कि उनके आकस्मिक निधन से रंग कर्म के क्षेत्र में एक रिक्तता आ गई है। वह युवाओं के मार्गदर्शक रहे। ज्ञात हो कि पूर्व में आदर्श कला संगम द्वारा रंगमंच सम्राट मास्टर फिदा हुसैन नरसी स्मृति सम्मान से उन्हें सम्मानित किया गया था। सभा केअंत में 2 मिनट मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई। इस अवसर पर डॉ प्रदीप शर्मा, जीवन लता शर्मा, राजदीप शर्मा, सतीश कुमार, निलय कौशिक आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय विधायक ने किया सिल्ट सफाई कार्य का शुभारम्भ




**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**धामपुर।** अफजलगढ सिंचाई खण्ड धामपुर के नियंत्रणाधीन रामगंगा जलाशय कालागढ से पोषित नहरों के सिल्ट सफाई कार्य रबी फसली 1433, 2025-26 का क्षेत्रीय विधायक कुँवर सुशांत सिंह ने फीता काटकर विधि-विधान पूर्वक शुभारम्भ किया। इसी के साथ विभागीय अधिकारियों को यथाशीघ्र नहरों के सफाई कार्य सम्पादित कराकर प्रत्येक नहर के अंतिम छोर तक सिंचाई हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्रीय संयोजक नमामि गंगे चौ.धीर सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा खेल सिंह राजपूत, ग्राम प्रधान मनीत चौहान, ग्राम प्रधान नितिन चौहान, दीपू चौहान, कपिल चौहान, अक्षय प्रताप, शिवम गहलौत, पिन्टू चौहान, प्रदीप कुमार, मास्टर पूरन सिंह, अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार शर्मा, सहायक अभियंता पुनीत कुमार अग्रवाल, जूनियर इंजीनियर राकेश भारद्वाज, नवीन शर्मा, नासिर हुसैन, जगदीश सिंह, विजयपाल सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# हाथरस में प्रधान पुत्र पर जानलेवा हमला, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**वेलकम इंडिया**



**हाथरसः**-उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में जीरो टॉलरेंस की नीति चलाई जा रही है और हर एक अपराधी, माफिया, गुंडा को जेल भेजा जा रहा है।लेकिन इसके बाबजूद भी कुछ जगह ऐसी हैं जहां अपराधियों के हौसले पूरी तरह बुलन्द है।ऐसा ही एक मामला जनपद हाथरस का है जहां एक प्रधान पुत्र को अपने उधार के रूपए मांगना भारी पड़ गया।हमलावरों ने पीड़ित पर जानलेवा हमला कर दिया और उसको मरा हुआ समझकर हमलावर नाले में पटककर भाग गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। युवक विवेक सोलंकी पर शहर के इगलास अड्डा रेलवे फाटक के निकट हुआ था हमला जानकारी के मुताबिक, हमले का कारण आरोपी शौर्य निवासी गणपति नगर पर विवेक के छह हजार रुपए उधार थे, जिसे वह बार-बार मांगने पर भी वापस नहीं कर रहा था। 2 नवंबर 2025 को विवेक अपनी बाइक से हाथरस जा रहा था, तभी इगलास अड्डा पत्थरवाली तिराहे पर शौर्य और उसके साथियों ने उस पर धारदार हथियार और लोहे की रॉड से हमला कर दिया।हद तो तब पार हो गई जब हमलावरों ने उसका गला दबा दिया और मरा हुआ समझकर नाले में पटककर भाग गए हमले में विवेक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।विवेक के पिता मुकेश कुमार ने बताया कि उनका बेटा अभी भी अस्पताल में भर्ती है और उसकी हालत गंभीर है। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।आगे बताया कि इस हमले से हमारा परिवार बहुत दुखी हैं और उन्हें न्याय चाहिए। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

कोतवाली हाथरस गेट पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और बाकी फरार आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। हाथरस के एसपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी और उन्हें सख्त सजा दिलाएगी।

## डिबाई में अबैध मिट्टी खनन रोकने में क्षेत्रीय प्रशासन पूरी तरह फेल

**डिबाई।** डिबाई में लगातार हो रहे अवैध मिट्टी खनन की सुचना पर जिला खनन अधिकारी गम्भीर वीती रात डिबाई क्षेत्र में लगभग दो से तीन घण्टे लगातार करते रहे कांबिंग रात भर कांबिग के बाद बमुश्किल एक ट्रैक्टर अवैध मिट्टी खनन से भरा हुआ डिबाई के धरमपुर से चढा हत्थे वाकी आधा दर्जन से ज्यादा अवैध मिट्टी खनन से भरे ट्रैक्टर चालकों ने इधर उधर भट्टों पर भागकर अपनी जान बचान में कामयाब हो गए सूत्रों की मानें तो जो काम डिबाई तहसील प्रशासन को करना चाहिए उस काम को डिबाई से लगभग 60 किलोमीटर दूर बैठे जिला खनन अधिकारी को करना पड रहा।वहीं जानकारों की मानें तो डिबाई के भीमपुर दोराहे से लेकर डिबाई के कसेर तक आधा दर्जन से ज्यादा वाहनों द्वारा जिनमें ज्यादातर चार पहिया वाहन होते हैं।

# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग सदस्य डॉ ए के वर्मा ने किया दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**



औरंगाबाद बुलंदशहर अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी में शुक्रवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग सदस्य डॉ ए के वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि सम्मेलन का शुभारंभ किया। समापन शनिवार को होगा।

सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि यूपीपी एस सी सदस्य डॉ ए के वर्मा, चंद्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के अधिष्ठाता डॉ मनीष कुमार पद्मश्री पुरस्कार सम्मानित प्रगति शील किसान भारत भूषण एवं प्राचार्य प्रोफेसर राजेन्द्र कुमार ने मां सरस्वती के सम्मुख संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन करके किया। सम्मेलन संचालक डॉ सिराजुद्दीन ने आमंत्रित गणमान्य अतिथियों का माल्यार्पण कर बुके भेंट कर स्वागत सत्कार किया। तथा सम्मेलन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रोफेसर राजेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में सभी का स्वागत करते हुए अपना बहुमूल्य समय देने के लिए आभार व्यक्त किया। विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय के कृषि विभाग द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण विषय ,"स्वास्थ्य उन्मुख कृषि क्षेत्र में चुनौतियां और उनके समाधान" विषयक विचार गोष्ठी में देश भर से आए कृषि विशेषज्ञों शिक्षाविदों एवं विद्यार्थियों ने अपने सारगर्भित व्याख्यान देते हुए चुनौतियां और उनके समाधान गिनाये। इससे कृषि के भविष्य और स्वास्थ्य उन्मुख नीति निर्माण को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर कालेज के विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर प्रजेंटेशन किया गया जिसमें प्राकृतिक खेती, जैविक कृषि, पोषक तत्व प्रबंधन, और सतत कृषि प्रणाली जिसे विषयों पर अपने शोध एवं विचार प्रस्तुत किए गए थे।

# देवता महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर।** वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देवता महाविद्यालय मोरना बिजनौर में एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ. सुनीता देवी के निर्देशन में ₹वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत₹ पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें एनसीसी के 45 कैडेट्स ने सहभागिता की। इस प्रतियोगिता की निर्णायक मंडल डॉ. मीनाक्षी साहनी, डॉ. पल्लवी सैनी और डॉ. सुमित्रा देवी ने सभी निबंध पढ़ने के उपरांत कैडेट मनीष चौहान को प्रथम स्थान, कैडेट कनक शर्मा को द्वितीय स्थान और कैडेट योगेश्वरी रानी को तृतीय स्थान प्रदान किया।

# जिला स्तरीय क्रिकेट लीग का शुभारंभ

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर।** नेहरू स्टेडियम बिजनौर में बिजनौर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जिला स्तरीय अन्डर 19 क्रिकेट लीग का शुभरंभ माई भारत के उप निदेशक निशांत रोतेला द्वारा किया गया। इस अवसर विशिष्ट अतिथि राजकुमार जिला क्रीड़ा अधिकारी बिजनौर रहे। उद्घाटन उपरांत अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया लीग में छः टीम प्रतिभाग कर रही हैं उद्घाटन मैच मैच नगीना तहसील और नजीबाबाद तहसील के बीच खेला गया जिसमें नजीबाबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवरों में एक विकेट पर 233 रन बनाए। जिसमे अर्श जैदी ने 108 नाबाद व नीलेश ने नाबाद 99 रनों का योगदान किया नगीना की ओर से फैज ने 1 विकेट लिया। जवाब में नगीना की टीम ने 29.5 ओवरों में 4 विकेट खोकर 237 रन बना कर मैच जीत हासिल की। जिसमें आरिश ने 55 व फैज ने नाबाद 97 रन बनाए, नजीबाबाद की ओर से जीतू ने 2, शारिम व शूमान ने 1- 1 विकेट लिया।

कल का मैच बिजनौर बी व चांदपुर के बीच सुबह 8.30 पर आरम्भ होगा। अंपायर अमित कुमार, और आर्यमन चौधरी व स्कोरर अभिषेक रहे। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन विरेन्द्र कुमार द्वारा किया गया।

इस मौके पर नागेन्द्र सारस्वत, संजीव चौधरी, मानव सचदेवा , दीपक भटनागर, अचल कुमार, अचल महर्षि, विकल महर्षि, मुनीश त्यागी, योगेश्वर दत्त त्यागी, योगेन्द्र पाल सिंह योगी अध्यक्ष विवेकानन्द दिव्य भारती उत्तर प्रदेश, तुषार मालिक, शारीक, नासिर, अजय वत्स, निरंकार चौधरी, इकबालुदीन, मलिक बेग, ज्ञान वर्मा, पुनिश कुमार, परोपकार, अहमर, महताब आदि उपस्थित रहे।

# अगौता क्षेत्र में न्याय पंचायत स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा 2025 का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

अगौता/न्याय पंचायत स्तरीय सांसद खेल स्पर्धा 2025 के अंतर्गत आज दिनांक 7-11-2025 को अगौता क्षेत्र की न्याय पंचायत अगौता की खेलकूद प्रतियोगिता श्रीराम कृष्ण महाविद्यालय किसौली के खेल मैदान पर सम्पन्न हुई । जिसका शुभारंभ चेयरमैन जिला सहकारी बैंक बुलंदशहर के डी शर्मा के द्वारा फीता काटकर किया गया। संयोजक अजय सिरोही, सहसंयोजक अरुण चौहान, ब्लॉक संयोजक केशव चौधरी, ब्लॉक प्रभारी जितेंद्र सिंह उपस्थित रहे । खेल कूद प्रतियोगिताओ में दौड़, लोग जंप, कब्बड्डी आदि बालक/बालिका वर्ग में खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी खेल प्रतियोगिताएं क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शुभम राणा और बेसिक शिक्षा विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के पीटीआई की देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# किठौर में अतिक्रमण पर लगेगी लगाम,सड़क पर गंदगी फैलाई तो होगी सख्त कार्रवाई

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ(जाकिर तुर्क)**किठौर कस्बे में शांति, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए किठौर पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। शुक्रवार को थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने क्षेत्र के मांस विक्रेताओं, रेहड़ी-पटरी संचालकों और व्यापारियों के साथ थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में एसएचओ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि सड़क या फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।थाना प्रभारी ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण से न केवल आमजन को परेशानी होती है बल्कि यातायात व्यवस्था भी बाधित होती है।उन्होंने मीट दुकानदारों को साफ-सफाई, लाइसेंस, और मीट की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क पर गंदगी फैलाने या नालों में कचरा फेंकने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की बात कही।एसएचओ प्रताप सिंह ने कहा, पुलिस प्रशासन का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं है, बल्कि कस्बे में व्यवस्था और स्वच्छता बनाए रखना है। व्यापारी वर्ग अगर सहयोग करे तो किठौर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाया जा सकता है।बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि जल्द ही कस्बे में स्वच्छता और यातायात सुधार अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाया जाएगा। उन्होंने सभी दुकानदारों से अपील की कि वे स्वयं अतिक्रमण हटाकर पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।व्यापारियों ने भी पुलिस को पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया और कहा कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों के आसपास स्वच्छता बनाए रखेंगे तथा सड़क पर सामान नहीं रखेंगे।बैठक में क्षेत्र के कई गणमान्य व्यापारी, एंव नगर पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाई गई

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा।** शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर चन्द्रमुखी बालिका इंटर कॉलेज में भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ वंदे मातरम गाकर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी लेखनी से देशभक्ति की भावना को अभिव्यक्त किया। प्रतियोगिता में कक्षा 10 की छात्रा सृष्टि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 की सुरभि ने द्वितीय स्थान, जबकि कक्षा 10 की संध्या ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मंगू सिंह, भगवान दास, नीरज कुमार, माजिदा परवीन, शुभम कुमार और नमिता रूहेला आदि उपस्थित रहे।

# वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ मनी : सांसद अधिकारी और छात्र छात्राएं पीएम लाइव से जुड़े

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धर्थनगर।** राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ शुक्रवार को देशभर में विशेष कार्यक्रमों के साथ मनाई गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली से और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से लाइव कार्यक्रम को संबोधित किया। सिद्धार्थनगर में इस अवसर पर अम्बेडकर सभागार में सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सांसद जगदम्बिका पाल और भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

अम्बेडकर सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन से हुआ, जिससे पूरा सभागार राष्ट्रगीत की भावना में लीन हो गया।

इस अवसर पर सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि 'वंदे मातरम' देश की आजादी के संघर्ष में ऊर्जा, जोश और देशभक्ति का सबसे बड़ा स्रोत रहा है। उन्होंने इसे केवल एक संगीत नहीं, बल्कि देश की आत्मा और राष्ट्रभावना का प्रतीक बताया। सांसद ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हमारे बलिदानी वीरों ने 'वंदे मातरम' पढ़कर और सुनकर देश के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। उन्होंने आह्वान किया कि देश की उन्नति, एकता और अखंडता के लिए निष्ठा से योगदान देना ही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि 'वंदे मातरम' ने भारत को कश्मीर से कन्याकुमारी तक जोड़ने का कार्य किया है। यह गीत राष्ट्रीय पहचान, गौरव और प्रेरणा का प्रतीक है।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि उस काल में 'वंदे मातरम' ने जनमानस में चेतना जगाकर आजादी के लिए एकजुट होने का संदेश दिया था। उन्होंने जोर दिया कि आने वाली पीढ़ी को भी इससे सीख लेने की आवश्यकता है, ताकि राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान और अधिक मजबूत हो सके।

कार्यक्रम के दौरान अनुज्ञा चतुर्वेदी (कक्षा 9), विभु ओझा (कक्षा 9) और छवि मिश्रा (कक्षा 10) ने भी 'वंदे मातरम' की पृष्ठभूमि पर अपने विचार प्रस्तुत किए। अंत में, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।

# डीएम ने सोहास खास में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**सोहास/सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शुक्रवार को विकास खण्ड उसका बाजार की ग्राम पंचायत सोहास खास में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

इस दौरान डीएम ने ग्रामीणों से विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हर पात्र व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल क्षति के भुगतान और किसान सम्मान निधि से संबंधित समस्याओं का तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिए। डीएम ने राशन वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त न करने की बात कही। उन्होंने पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए, ताकि उन्हें 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा मिल सके। वरासत (उत्तराधिकार) के मामलों को समय सीमा के भीतर निपटाने पर भी जोर दिया गया।

डीएम ने बताया कि जिले में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से बीएलओ के माध्यम से गणना प्रपत्र भरकर जमा करने का आग्रह किया, ताकि पात्र लोग मतदाता सूची में शामिल हो सकें। पात्र लाभार्थियों का सत्यापन कराकर पेंशन योजना का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। चौपाल में विभागीय अधिकारियों को अपनी-अपनी योजनाओं के स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। इसी दौरान जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म भी पूरी कराई। डीएम ने दोहराया कि सरकारी योजनाओं में किसी भी तरह की हीलाहवाली पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में ग्राम पंचायत सोहास खास (विकास खण्ड उसका बाजार) में अन्नपूर्णा भवन का फीता काटकर उद्घाटन भी किया।

## सार संक्षेप

### श्याम जायसवाल ने आशीष शोरूम का फीता काटकर किया शुभारम्भ

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**पकड़ी बाजार/सिद्धार्थनगर।** विधानसभा शोहरतगढ़ के बभनी चौराहे पर स्थित आशीष जायसवाल के नवनिर्मित प्रतिष्ठान का शुक्रवार को ₹आशीष शोरूम₹ का वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने आशीष जायसवाल को नवनिर्मित प्रतिष्ठान/शोरूम शुभारम्भ के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्नति, सुख, समृद्धि एवं प्रतिष्ठान के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान जिला प्रभारी हरिचरन कुशवाहा, जिलाअध्यक्ष कन्हैया पासवान, चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, चन्द्रेश जायसवाल, मन्टू जायसवाल, प्रधान ओमप्रकाश, प्रधान राजेन्द्र गौतम सिंह तमाम गणमान्य उपस्थित रहें। वहीं आशीष शोरूम के शुभारम्भ पर भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने तमाम सम्मानित अतिथियों एवं गणमान्यजनों से स्नेहिल भेंट वार्ता हुई।

### पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** खेसरहा थाना पुलिस ने एक मामले में फरार चल रहे अभियुक्त राकेश यादव को बांसी बेलौहा मार्ग पर बरनवार तिराहा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। उपनिरीक्षक अनूप कुमार मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ स्थानीय थाने पर धारा 103(1), 118(1) व 3(5) बीएनएस से संबंधित मुकदमा पंजीकृत है।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 42 वाहनों का किया ई चालान



वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**शिवनगर,डिडई/सिद्धार्थनगर।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात नियमों के पालन को लेकर थाना शिवनगर डीडई पुलिस ने शुक्रवार को क्षेत्र में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राजीव भट्ट, मृत्युंजय मिश्रा, संजय राय, जय प्रकाश पांडेय व उदय सिंह की टीम ने थाना क्षेत्र के लोहरौली बॉडर और टोल प्लाजा तिलौली पर वाहनों की जांच की। इस दौरान बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, तीन सवारी बैठाने वाले चालक, मॉडिफाइड साइलेंसर वाले दोपहिया वाहन और बिना फिटनेस/मानक से अधिक सवारी भरने वाले वाहन पकड़ में आए। कार्रवाई के दौरान 42 वाहनों का ई-चालान किया गया।

### फर्जी बाइक लूट का खुलासा: पिलखुवा पुलिस ने दो भाइयों को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़ पिलखुवा।** थाना पिलखुवा पुलिस ने फर्जी बाइक लूट की झूठी घटना का सफल अनावरण करते हुए दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कथित लूट की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी बरामद की है।जानकारी के अनुसार, अभियुक्त दीपू ने 5 नवम्बर 2025 को अपनी मोटरसाइकिल से थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गर्भवती महिला को टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद दीपू अपनी बाइक घटनास्थल पर ही छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस कार्यवाही से बचने और बाइक वापस पाने की मंशा से दीपू ने अपने भाई विकास के साथ मिलकर षड्यंत्र रचते हुए पुलिस को बाइक लूट की झूठी सूचना दी। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच में घटना की सच्चाई उजागर की और दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया।

# छावनी परिषद मेरठ में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन कार्यक्रम संपन्न हुआ

वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी

**मेरठ।** शुक्रवार को भारत सरकार के निदेर्शानुसार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर देशभर के सभी सरकारी कार्यालयों एवं संस्थानों में राष्ट्रगीत ह्यवंदे मातरम्ह्ण का सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसी क्रम में छावनी परिषद मेरठ में भी यह कार्यक्रम उत्साह एवं सौहार्द के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अधिशासी अधिकारी श्री जाकिर हुसैन, संयुक्त मुख्य अधिशासी अधिकारी सुश्री हर्षिता, कार्यालय अधीक्षक श्री जयपाल सिंह तोमर, एवं अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने उपस्थिति दर्ज करायी।




कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिषद कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगीत ह्लवंदे मातरम्ह्व का सामूहिक रूप से भावनापूर्ण एवं उत्साहपूर्वक गायन किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अधिशासी अधिकारी श्री जाकिर हुसैन ने सभी कर्मचारियों को राष्ट्रनिर्माण एवं स्वच्छ, सुंदर एवं सुदृढ़ भारत के निर्माण हेतु अपने कर्तव्य भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

## सात दिवसीय भागवत कथा आज से

**गौर गांव (मिजार्मुराद)।** स्थित वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में शनिवार यानी आज से सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया गया है।उक्त भागवत कथा सौरभ सिंह जन्म जयंती के उपलक्ष्य में किया गया है। कॉलेज के प्रबंधक एवं भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम व कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित' ने बताया की 15 नवंबर को शौरभ सिंह का जन्म जयंती है उसी के उपलक्ष्य में भागवत कथा का आयोजन किया गया है कार्यक्रम 2 बजे से 6 बजे शाम तक सात दिवसीय चलेगा।शनिवार को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शौरभ सिंह छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षा का भी आयोजन किया गया है।जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान आने वाली छात्राओं को छात्रवृत्ति देकर व सर्टिफिकेट देकर 15 नवंबर को सम्मानित किया जाएगा।

# हल्लौर के होनहार युवा वैज्ञानिक हैदर अली को मिला एआई संचालित उपकरण के लिए अन्तरराष्ट्रीय पेटेंट

वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी

**डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के कस्बा हल्लौर निवासी डाक्टर एस एम हैदर रिजवी के बेटे हैदर अली रिजवी दानियाल ने एआई संचालित उपकरण के लिए अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर पेटेंट (अभिनव अविष्कार) को (मान्यता)मिली है।इस उपलब्धि पर लोगो ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसे बधाई दी है।

जानकारी के अनुसार हैदर अली रिजवी ने एक अन्तरराष्ट्रीय उपलब्धी हासिल की है।उसने यूनाइटेड किंगडम के यूके बौद्धिक संपदा कार्यालय (इनटीरीयल प्रोपर्टी आफिस) ने उन्हे उनके अभिनव अविष्कार एआई आधारित होम सिक्योरिटी सर्विलांस कैमरा डिवाइस विद मोशन डिटेक्शन के लिए यूके डिजाईन पेटेंट प्रदान किया है।यह एआई-संचालित उपकरण गति का सटीक पता लगाकर झूठे एलर्ट को कम करता है।और वास्तविक समय में बुद्धिमान निगरानी सुनिश्चित करता है।

विशेषज्ञो का कहना है कि यह अविष्कार विश्व पटल पर भारत की तकनीकी क्षमता को वैश्विक स्तर पर और मजबूती प्रदान कराने मे सहायक साबित करेगा।उन्होने यह अन्तरराष्ट्रीय उपलब्धी मात्र 24 वर्ष की आयु में प्राप्त कर एक कीर्तिमान बनाया है। इससे पहले भी हैदर अली रिजवी दो पेटेंट प्राप्त कर चुके है।हैदर अली दानियाल के पिता डाक्टर एस एम हैदर रिजवी एक ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक व मनोवैज्ञानिक और सुप्रसिद्ध शायर- साहित्यकार है।

# डुप्लीकेट वोटरों का होगा सत्यापन, आधार कार्ड के अंतिम चार अंक देना होगा अनिवार्य

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के क्रम में जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में डुप्लीकेट वोटरों के सत्यापन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी मतदाता का नाम एक से अधिक ग्राम पंचायतों में समान रूप से दर्ज है, तो निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के दौरान उसका सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन उपरांत मतदाता का नाम केवल उसी ग्राम पंचायत में रखा जाएगा, जहां वह सामान्य रूप से निवास करता है, जबकि अन्य स्थानों से नाम नियमानुसार विलोपित कर दिया जाएगा।



निर्वाचन आयोग ने बताया कि विकास खंडों की सभी ग्राम पंचायतों में ऐसे संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं (जिनका नाम, पिता/पति/माता का नाम एवं लिंग समान है) की सूची तैयार की गई है। यह सूची संबंधित बी.एल.ओ. (ब्लॉक लेवल ऑफिसर) को उपलब्ध करा दी गई है ताकि पुनरीक्षण के दौरान उनका पृथक सत्यापन किया जा सके।यदि सत्यापन के बाद कोई मतदाता सही पाया जाता है, तो प्रमाण स्वरूप उसका आधार कार्ड के अंतिम चार अंक बी.एल.ओ. द्वारा अंकित किए जाएंगे, जिससे डुप्लीकेशन प्रक्रिया में उसका नाम गलत तरीके से विलोपित न हो सके। राज्य निर्वाचन आयोग ने सर्वसाधारण से अपील की है कि ग्राम पंचायतों के जिन मतदाताओं का नाम बी.एल.ओ. को प्राप्त डुप्लीकेट सूची में है, वे अपने घर आने वाले बी.एल.ओ. को अपने आधार कार्ड के अंतिम चार अंक अवश्य उपलब्ध कराएं।

# भारत में हॉकी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर हापुड़ में भव्य जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ

**हापुड़।** भारत में हॉकी खेल के 100वें शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिला खेल कार्यालय एवं हॉकी हापुड़ के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय बालक-बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन एस.एन. पब्लिक स्कूल हापुड़ में भव्य रूप से किया गया।कार्यक्रम का संचालन हॉकी हापुड़ के सचिव प्रिंस पंडित एवं जिला क्रीड़ाधिकारी डॉ. अरुणा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया और हॉकी की कलात्मक झलक प्रस्तुत की।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हॉकी हापुड़ के अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश मंत्री (क्रीड़ा भारती) डॉ. विकास अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्साह की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. अग्रवाल ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जीवनी पर भी प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

हॉकी हापुड़ के सचिव प्रिंस पंडित ने अपने संबोधन में कहा कि पहला सुख निर्मल काया, दूजा मायाह्व यानी स्वस्थ शरीर ही जीवन की पहली संपत्ति है। उन्होंने कहा कि आज खेल के माध्यम से गांव-गली के बच्चे भी विश्व पटल पर तिरंगा लहरा रहे हैं। मेहनत और लगन से खेल को एक सफल करियर के रूप में अपनाया जा सकता है। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।जिला क्रीड़ाधिकारी डॉ. अरुणा ने हॉकी खेल की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह खेल अनुशासन, टीम भावना और फिटनेस का प्रतीक है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों और उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया।फाइनल मुकाबले में बालक वर्ग में सरस्वती बाल मंदिर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जे.एम.एस. स्कूल को 3झ0 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं बालिका वर्ग में जे.एम.एस. स्कूल ने एस.एन. पब्लिक स्कूल को 2झ0 से पराजित कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

# किठौर में अतिक्रमण पर लगेगी लगाम, सड़क पर गंदगी फैलाई तो होगी सख्त कार्रवाई

वेलकम इंडिया

**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** किठौर कस्बे में शांति, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए किठौर पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। शुक्रवार को थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने क्षेत्र के मांस विक्रेताओं, रेहड़ी-पटरी संचालकों और व्यापारियों के साथ थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में एसएचओ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि सड़क या फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।



थाना प्रभारी ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण से न केवल आमजन को परेशानी होती है बल्कि यातायात व्यवस्था भी बाधित होती है।उन्होंने मीट दुकानदारों को साफ-सफाई, लाइसेंस, और मीट की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क पर गंदगी फैलाने या नालों में कचरा फेंकने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की बात कही।

एसएचओ प्रताप सिंह ने कहा, पुलिस प्रशासन का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं है, बल्कि कस्बे में व्यवस्था और स्वच्छता बनाए रखना है। व्यापारी वर्ग अगर सहयोग करे तो किठौर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाया जा सकता है।बैठक के दौरान थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि जल्द ही कस्बे में स्वच्छता और यातायात सुधार अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाया जाएगा। उन्होंने सभी दुकानदारों से अपील की कि वे स्वयं अतिक्रमण हटाकर पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।व्यापारियों ने भी पुलिस को पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया और कहा कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों के आसपास स्वच्छता बनाए रखेंगे तथा सड़क पर सामान नहीं रखेंगे।

## ब्रिजिंग ट्रेडिशनल नॉलेज एंड मॉडर्न साइंस

# एडवांसेज इन हर्बल ड्रग रिसर्च एंड डेवलपमेंट विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन

संदीप तिवारी/ वेलकम इंडिया

**मिजार्मुराद।** काशी इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी, वाराणसी में शुक्रवार को ब्रिजिंग ट्रेडिशनल नॉलेज एंड मॉडर्न साइंसः एडवांसेज इन हर्बल ड्रग रिसर्च एंड डेवलपमेंट विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया।



इस संगोष्ठी में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, आई.ई.टी. कॉलेज ऑफ फामेर्सी, जौनपुर, मा सरस्वती पैरामेडिकल इंस्टिट्यूट, आर.ए.एस. इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय (जौनपुर), हाइजिया इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (लखनऊ), तथा के.जे. कॉलेज ऑफ फामेर्सी (वाराणसी) के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने पोस्टर प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. के. जयराम (बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा), प्रो. कमल नयन द्विवेदी (सेवानिवृत्त प्रोफेसर, संकाय आयुर्वेद, आईएमएस, बीएचयू) तथा डॉ. आशीष अग्रवाल (एसोसिएट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ फार्मास्युटिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, आईआईटी बीएचयू) रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रो. अशुतोष मिश्रा द्वारा स्वागत उद्बोधन से हुआ, जबकि सीओई कुमार आलोक ने संगोष्ठी की महत्ता पर प्रकाश डाला और विभागाध्यक्ष सचिदानंद पाठक ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# वन्दे मातरम् गीत, देश की एकता एवं स्वाभिमान का प्रतीक: सीडीओ



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** लोक भवन सभागार लखनऊ में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ संपन्न। लखनऊ में राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा वर्ष 1875 में रचित राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'वंदे मातरम्' के सामूहिक वाचन एवं स्वदेशी का संकल्प कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सम्मिलित हुए। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद मथुरा के राजीव भवन सभागार में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा देखा गया।

शासन द्वारा प्रसारित किये जा रहे कार्यकम 'वंदे मातरम्-गीत के 150 वर्ष के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री के लाइव प्रसारण को मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, जिला उद्यान अधिकारी मनोज चतुर्वेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा सहित अन्य द्वारा देखा गया। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित 'वंदे मातरम्' गीत साहित्यिक पत्रिका 'बंग दर्शन में उनके उपन्यास ₹आनन्दमठ' के धारावाहिक प्रकाशन के एक भाग के रूप में प्रकाशित हुआ था, जो हमारे देश के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिवर्तन के इतिहास की चेतना बन कर हमारे हृदय पटल पर अंकित है।

यह भारत की एकता एंव स्वाभिमान की जागृत भावना की काव्यात्मक अभिव्यक्ति के साथ-साथ मातृभूमि और दिव्यता का प्रतीक है।24 जनवरी 1950 को ₹भारतीय संविधान सभा द्वारा इसे राष्ट्रीय गीत के अंगीकृत किये जाने और इस गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के सफर को जिला, विकास खण्ड, विद्यालय, तहसीलें एवं ग्राम पंचायतों मे उत्साह पूर्वक मनाया जा रहा है। इसमे विभिन्न संस्थाओं में सेमिनार, संगोष्ठी परिचर्चा एवं संभाषण का आयोजन किया जाएगा। 'वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष के अवसर का भव्यतापूर्ण आयोजन शुभारम्भ सप्ताह 07 नवम्बर से 14 नवम्बर 2025 से लेकर दिनांक 07 नवम्बर 2026 तक चार चरणों मे 1 वर्ष तक चलेगा।

## मुख्यमंत्री को सम्बोधित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर 12 को मंडलायुक्त को सौपा जाएगा ज्ञापन

**संतकबीरनगर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर 12 नवंबर को प्रदेश के सभी 18 मण्डलों पर मुख्यमंत्री को सम्बोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन मंडलायुक्त को दिया जाएगा। उक्त जानकारी मण्डल प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी मुहम्मद परवेज अख्तर ने देते हुए बताया कि आगामी 12 नवंबर को सुबह 11 बजे मण्डल अध्यक्ष डॉ. बलराम त्रिपाठी के नेतृत्व में जनपद में मौजूद प्रदेश पदाधिकारी, सभी मण्डल पदाधिकारी, मण्डल के तीनों जनपद बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर के जिलाध्यक्ष और जिला पदाधिकारी, तहसील के सभी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पत्रकार मान्यता प्राप्त समिति एवं विज्ञापन मान्यता समिति में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के दो -दो प्रतिनिधि सम्मिलित किया जाय, ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं (समाचार संकलन) के अध्ययन एवं निरुपण के लिए ग्रामीण पत्रकार आयोग का गठन किया जाय।

## गोवर्धन तहसील के हाल निराले

# भाजपा के जनप्रतिनिधियों के लेटर हेड को भी नहीं मिलती तवज्जो

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** गोवर्धन तहसील के हाल वाकई में निराले हैं। भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी ठाकुर ओम प्रकाश सिंह के लेटर हेड पर अड़ींग मैं 1857 के शहीदों की स्मृति में प्रस्तावित शहीद स्मारक की एनओसी कई माह से अटकी हुई है। एक बार जांच होकर संस्तुति हो चुकी है लेकिन वह पत्रावली ही गायब हो गई है।एसडीएम ने दोबारा जांच एक महा पूर्व करवाई लेकिन अभी तक यह काम पूरा नहीं हो सका है।

विदित हो 1857 में अडींग के ऐतिहासिक किले पर 70 क्रांतिकारियों को अंग्रेजों द्वारा फांसी पर लटका दिया गया था। उनकी स्मृति में शहीद स्मारक बनवाने की मांग दो दशकों से लंबित है। एमएलसी ठाकुर ओम प्रकाश सिंह ने गांव में एक जनसभा के दौरान स्मारक निर्माण का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। इस क्रम में उनके द्वारा मई माह में अपने लेटर हेड पर एसडीएम गोवर्धन को ठाकुर मोहल्ला स्थित सार्वजनिक स्थल की जांच कर आशा के लिए पत्र लिखा। राजस्व कर्मियों द्वारा मौके पर जांच व फोटोग्राफी करके यह रिपोर्ट भी दे दी कि उक्त स्थल सार्वजनिक उपयोग का ही है।

राजस्व कर्मियों एवं तहसीलदार स्तर तक जांच कंप्लीट होकर पत्रावली संस्तुति सहित एसडीएम कार्यालय को भेज दी गई लेकिन यहां से पत्रावली गुम हो गई। इसके बाद अक्टूबर माह में जिला गंगा समिति सदस्य दिलीप कुमार यादव ने उन्हें एसडीएम को पूर्व के पात्रों की प्रतिदिन जिस पर एसडीएम ने पुनः जांच कर अक्षा के लिए लिखा। लेखपाल और कानून द्वारा अपनी रिपोर्ट लगाकर अच्छा तहसीलदार को प्रेषित कर दी जिसमें स्पष्ट किया गया कि ठाकुर मुहल्ला स्थित शहीद स्मारक के लिए चयनित जमीन सार्वजनिक उपयोग की है किसी की निजी संपत्ति नहीं है। इस पर तहसीलदार गोवर्धन ने आपत्ती लगाते हुए पुनः स्पष्ट आख्या देने को कहा। दिलीप यादव का आरोप है कि

तहसीलदार जानबूझकर जनप्रतिनिधियों कि अव मानना कर रहे हैं। जब जांच केवल इतनी सी होनी है कि जमीन सार्वजनिक उपयोग की है या नहीं। जमीन सार्वजनिक उपयोग की है यह बात ग्रामीणों द्वारा भी कहीं जा चुकी है, ग्राम प्रधान द्वारा लेटर हेड पर लिखकर दी जा चुकी है। यदि तहसीलदार अधिनयस्तों की जांच से संतुष्ट नहीं है तो वह खुद मौके पर आकर मौका मुआइनान कर सकते थे लेकिन दोबारा की जांच प्रक्रिया को भी डेढ़ महीना गुजर चुका है।

## सार संक्षेप

### गोवर्धन में विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर 12 से 16 नवम्बर

**मथुरा।** श्रीनाथ जी धमार्थ सेवा सोसाइटी, फरीदाबाद के सौजन्य से कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, मथुरा द्वारा 24वॉ विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन श्रीराधा कृष्ण सेवा सदन, जतीपुरा, गोवर्धन में दिनांक 12 नवम्बर 2025 से 16 नवम्बर 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में नेत्र रोगियों की जाँच एवं भर्ती 16 नवम्बर 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से 3:00 बजे तक की जायेगी। निःशुल्क नेत्र जाँच चिकित्सा शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ की चिकित्सीय टीम द्वारा नेत्र रोगियों के मोतियाबिन्द, परवाल, कालापानी आदि रोगों का उपचार एवं ऑपरेशन निःशुल्क रूप से सम्पन्न किये जायेंगे। इस नेत्र चिकित्सा शिविर में मोतियाबिन्द रोगियों के लैन्स प्रत्यारोपण भी किये जायेगे।शिविर में ऑपरेशन के योग्य पाये गये नेत्र रोगियों को पलंग, बिस्तर, दवा एवं भोजन की व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क रूप से की गई हैं। भर्ती किये गये नेत्र रोगियों के ऑपरेशन कल्याणं करोति द्वारा संचालित कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा पर सम्पन्न किये जायेगें। नेत्र रोगी ऑपरेशन कराने हेतु अपने ााथ मोबाइल नं0 एवं पहचान पत्र की फोटो कॉपी अवश्य साथ लाएँ।

### राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर हुआ वंदे मातरम का गायन




**मथुरा/बलदेव।** देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले राष्ट्रगीत ह्यवंदे मातरम्की 150वीं वर्षगांठ पर विकास खंड बलदेव के प्राथमिक विद्यालय बलरामपुर में विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्र गीत वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ जगदीश पाठक ने बताया कि इस आयोजन से छात्र भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्रगीत वन्देमातरम की भूमिका और इसकी स्थायी सांस्कृतिक विरासत के महत्व से परिचित होंगे और मातृभूमि के प्रति समर्पण, त्याग और राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने वाला यह अमर गीत युगों-युगों तक हम सभी को देशहित के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने बताया कि वंदे मातरम्के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के दृष्टिगत वर्षभर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी के द्वारा स्वदेशी अपनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर डॉ ममता रानी, गीता सक्सेना, बिंदु शर्मा, अचल कुमार, पूजा कुमारी आदि की उपस्थिति मुख्य रही ।संचालन डॉ जगदीश पाठक द्वारा किया गया।

### भाकियू अन्नदाता के संघर्ष से किसान को मिला न्याय, 11केबी की लाइन हटाई



**मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता के संघर्ष ने पीड़ित किसान को न्याय दिलवाया। भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता के प्रदेश अध्यक्ष भूरा पहलवान ने बताया कि विद्युत विभाग के द्वारा ग्राम रावल में अन्य स्थान से 11केवी की विद्युत लाइन हटाकर नियम विरुद्ध नेमसिंह किसान के खेत में लगा दी गई थी।जिसका विरोध पीड़ित किसान ने किया, लेकिन उसकी कोई सुनवाई विद्युत विभाग ने नहीं की। भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जे एस जाट एवं प्रदेश अध्यक्ष भूरा पहलवान ने धरना प्रदर्शन कर इसके विरुद्ध आवाज उठाई तथा विद्युत विभाग के सभी उच्चाधिकारियों को किसान की समस्या से अवगत कराया। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने पीड़ित किसान की समस्या पर संज्ञान लेते हुए 11केवी की विद्युत लाइन दूसरी स्थान पर शिफ्ट कर दी।

### जवाहे पर काली सड़क के लिए 1 करोड़ 22 लाख की मंजूरी

**जहांगीराबाद।** क्षेत्रीय विधायक संजय शर्मा के प्रयासों से बुलंदशहरझ्रऔरंगाबाद मार्ग पर स्थित ग्राम नगला करन तक रजवाहे की पटरी पर काली सड़क निर्माण हेतु 1.22 करोड़ की स्वीकृति मिल गई है। इस स्वीकृति से क्षेत्र के लोगों में हर्ष की लहर है।

# बाल्मीकि बस्ती के लोगों का रास्ता रोकने का आरोप



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** प्रदेश की योगी सरकार भले ही दलितों और पिछड़े वर्गों के लिए जन-सुविधा एवं विकास योजनाओं को लाभदायक बताकर चला रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत अभी भी वैसी ही बनी हुई है।

मामला मथुरा जनपद की ग्राम पंचायत नगला काशी के मजरा पंडिपुर का है, जहाँ बाल्मीकि बस्ती के लोग पिछले कई महीनों से रास्ते को लेकर परेशान हैं। बाल्मीकि समाज के लोगों का आरोप है कि गांव के कुछ दबंग लोग उन्हें रास्ते से निकलने नहीं देते और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हैं।

ग्राम प्रधान सत्यवीर चौधरी का कहना है कि बाल्मीकि समाज के लोग वर्षों से इसी रास्ते से आना-जाना करते रहे हैं, लेकिन अब गांव के कुछ दबंग लोग उन्हें रोक रहे हैं। शिकायत संबंधित अधिकारियों से की जा चुकी है, फिर भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई या समाधान नहीं हुआ है।

# पृथक विकासखण्ड कांडा की मांग को लेकर नौ को कांडा में निकाला जाएगा विशाल जूलूस



**वेलकम इंडिया**

**कांडा। पंकज डसीला।** कांडा पृथक विकासखण्ड की मांग पूरी नहीं होने तक क्षेत्रवासियों ने अब आर पार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है। बैठक कर क्षेत्रवासियों ने इसके लिए अब सड़को पर उतरकर आंदोलन करने की ठान ली है।पृथक विकासखण्ड बनाने की मांग को लेकर कांडा कालिका मंदिर में क्षेत्रवासियों ने बैठक की। बैठक में राज्य स्थापना पर कांडा कालिका मंदिर से लेकर कांडा तहसील कार्यालय तक विशाल रैली निकालने को लेकर आमसहमति बनी।

बैठक में लोगों ने जुलूस के बाद उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजने और जनता के आक्रोश को दिखाने हेतु राज्य और केंद्र सरकार पर नीति आयोग के खिलाफ जनांदोलन करने की चेतावनी देने की बात कही गई। वक्ताओं ने कहा कि कांडा क्षेत्र पिथौरागढ़ जिले की सीमा से जुड़ा हुआ है।

जल्द पिथौरागढ़ जिले से दर्जनों गांवों को बागेश्वर जिले से जोड़ने की कवायद चल रही है ।जिसमें अधिकांश गांव कांडा क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। कांडा क्षेत्र के कई गांव बागेश्वर और कपकोट विकासखण्ड में है ।जो कि अत्यंत दूरी पर स्थित है ।सरकार विकास के दावे करती है पर लोगों को जब विकासखण्ड में जाने हेतु एक दिन का समय लग जाता है तो फिर कैसे विकास कार्य हो पाएंगे।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने महुली के आरक्षियों की बीट बुक का किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने थाना कोतवाली खलीलाबाद, मेहदावल, महुली, धर्मसिहंवा की बीट व्यवस्था की समीक्षा की । इस दौरान उन्होंने बीट बुक का अवलोकन किया तथा उसमें अंकित सूचनाओं, शिकायतों एवं निराकरण की स्थिति का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली खलीलाबाद के बीट अधिकारी का0 घनश्याम त्रिपाठी, का0 रामकेवल, का0 रघुवंश प्रसाद, म0का0 दुर्गावती खरवार व थाना धर्मसिंहवा के का0 अरूण कुमार सिंह व थाना मेहदावल के हे0का0 रोहित कुमार, का0 मनीष कुमार तथा थाना महुली के का0 सुनील सिंह, का0 अभिषेक सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि बीट प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जाए।

# 'मेरठ के दी गुरुकुलम इंटरनेशनल सल में हुआ गंगा स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**



**मेरठ।** भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन,जल शक्ति मंत्रालय के निदेर्शानुसार जिला गंगा समिति मेरठ के तत्वधान में यथार्थ के सारथी सामाजिक संस्था के सहयोग से ₹गंगा उत्सव 2025₹ के अंतर्गत शुक्रवार को दी गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल में ₹गंगा स्वच्छता संवाद₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत बच्चों को गंगा व अन्य नदियों की स्वच्छता व संरक्षण के बारे में बताया गया ।

सम्मानित अतिथि के रूप में पूर्व प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर मेरठ व अध्यक्ष राष्ट्रीय कला रंग भारती अनिरुद्ध गोयल गौरवमई उपस्थिति रही जिन्होंने बच्चों से संवाद के माध्यम से गंगा का इतिहास व इससे संबंधित जागरूकता के बारे में सवाल जवाब कर बच्चों को उपहार वितरण किए । उपहार में जिला गंगा समिति मेरठ की और से नमामि गंगे टी शर्ट और कैप्स दिए गए ।स्कूल की डायरेक्टर वर्तिका सेठी जी ने अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया साथ ही गंगा स्वच्छता के विषय में अपने विचार भी रखें। यथार्थ के सारथी संस्था के अध्यक्ष श्रीमती जूही त्यागी ने सभी बच्चों को गंगा स्वच्छता की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में जिला गंगा समिति द्वारा नदियों एवं अन्य जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार के लिए प्रयास किए जा रहे है जिसमें सभी युवाओं, विद्यार्थी का सहयोग आवश्यक है। इसके साथ ही गंगा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई साथ ही इस शपथ को आत्मसार कर अन्य लोगों तक पहुंचाने का अनुरोध भी किया। व स्कूल के अध्यक्ष श्री कमलजीत सिंह जी वह समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं वैष्णव का धन्यवाद व आभार प्रकट किया।

## श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद: वीडियो कॉन्फ्रेंस रखा अपना पक्ष

**कांधला।** शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से जुड़े मूल वादों संख्या 1/2023 और 4/2023 की सुनवाई को इलाहाबाद हाईकोर्ट की कोर्ट नंबर 81 में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई। वादी पक्ष की ओर से श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष भृगुवंशी श्री आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने उपस्थिति दर्ज कराई। कोर्ट ने वादी के सभी लंबित प्रार्थना पत्रों पर विचार किया, और प्रतिवादी पक्ष को दावे में संशोधन पर लिखित जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई में दोनों पक्षों की दलीलें सुनी जाएंगी। यह मामला धार्मिक व ऐतिहासिक दृष्टि से संवेदनशील है। ट्रस्ट ने अवैध बिजली कनेक्शन रद्द कराने, 'श्री कृष्ण कूप' पर पूजा की अनुमति और मुस्लिम पक्ष के वाद की पोषणीयता पर सीपीसी ऑर्डर 7 रूल 11 के तहत खारिज करने जैसे मुद्दों पर जिला कोर्ट से सुप्रीम कोर्ट तक पैरवी की है।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को दस वर्ष के कारावास की सजा

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

- न्यायालय ने पांच हजार रुपये के अर्थदंड से किया दंडित
- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय ने सुनाई सजा

**हापुड़।** जनपद के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय यज्ञेश चंद पांडेय ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में शुक्रवार को एक आरोपी को दोषी करार दिया है। न्यायाधीश ने दोषी को दस वर्ष के कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

अभियोजक की ओर से अधिवक्ता विजय चौहान, अधिवक्ता नरेंद्र शर्मा व अंकुर शर्मा ने बताया कि 24 जुलाई 2020 को धौलाना क्षेत्र क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने थाना धौलाना में तहरीर दी। जिसमें पीड़ित ने बताया था कि 23 जुलाई 2020 को वह अपनी पत्नी के साथ किसी काम के सिलसिले में घर से बाहर गया था। घर पर उसकी नाबालिग पुत्री मौजूद थी। देर रात भाई की पत्नी जिला बुलंदशहर के एक गांव की रहने वाली व साले अरुण ने उसके घर पहुंचे। आरोपित बहला-फुसलाकर उसकी पुत्री को घर से अगवा कर ले गए। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुत्री ने पुलिस को जानकारी दी थी कि आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म किया था ।जिसके बाद मुकदमें में दुष्कर्म की धाराएं बढ़ाई गईं थी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल की थी। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय न्यायालय में चल रही थी। शुक्रवार को सुनवाई निर्णायक मोड में पहुंची। न्यायाधीश यज्ञेश चंद पांडेय ने अरुण को दुष्कर्म का दोषी करार देते हुए निर्णय सुनाया। न्यायाधीश ने दोषी को दस वर्ष के कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# डीएम ने मण्डीयार्ड खलीलाबाद में स्थित धान क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा खलीलाबाद तहसील क्षेत्र के मण्डीयार्ड खलीलाबाद में स्थित धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। मण्डीयार्ड खलीलाबाद में खाद्य विभाग के 04 एवं मण्डी समिति के 01 क्रय केन्द्र इस प्रकार कुल 05 क्रय केन्द्र संचालित हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जिला विपणन आधिकारी एवं सचिव मंडी परिषद सें क्रय केंद्र पर धान खरीद के संबंध में एवं क्रय केंद्र पर किसानों की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं आदि के संबंध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के समय केन्द्रों पर केन्द्र प्रभारी उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के समय मण्डी समिति के क्रय केन्द्र पर सजन लाल पुत्र श्री राम, ग्राम-महसिन, पोस्ट-एकमा तहसील खलीलाबाद के लगभग 25 कु0 धान की तौल हो रही थी।

जिलाधिकारी ने सभी केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि क्रय केन्द्रों पर धान विक्रय हेतु आने वाले किसानों को धान विक्रय में किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो। यदि केन्द्र पर अधिक किसान आ रहे है तो एक टोकन रजिस्टर बना कर सम्बन्धित किसान का नाम अंकित किया जाये और जब किसान का नम्बर आये तो सम्बन्धित किसान के धान की तौल मानक के अनुसार किया जाये। किसानों से शालीनतापूर्वक व्यवहार किया जाए। सभी क्रय केन्द्रों पर खरीद प्रारम्भ करने हेतु भी जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया।

## घरेलू विवाद में तीन भाइयों का पुलिस ने किया चालान

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढी श्याम में घरेलू विवाद को लेकर आपस में झगड़ रहे तीन भाइयों का पुलिस ने हिरासत में लेकर चालान किया है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम निवासी महिला रुचि पत्नी सन्नी ने विगत गुरुवार को थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसके साथ जेठ,जेठानी सहित अन्य परिवार के लोगों ने मारपीट की है। पुलिस ने पीड़ित महिला को कार्रवाई का आश्वासन दिया था। शुक्रवार को फिर से महिला का पति सन्नी, उसका भाई अजय और विजय आपस में झगड़ा करने लगे पड़ोस के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। झगड़े की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई पुलिस ने मौके से तीनों भाइयों को हिरासत में ले लिया और तीनों भाइयों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए शांति भंग की धाराओं में चालान किया है।

# सीईओ कैंट पहुंचे कैंटोनमेंट हॉस्पिटल, बीमारों से मिले

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**



**मेरठ।** दूषित पानी के इस्तेमाल से बीमार हुए लोगों से मिलने के लिए सीईओ कैंट जाकिर हुसैन शुक्रवार को कैंटोनमेंट हॉस्पिटल पहुंचे। उनके साथ ज्वाइंट सीईओ हर्षिता व इंजीनियरिंग सेक्शन हेड पीयूष गौतम भी मौजूद थे। उन्होंने मरीजों से भी बात की और हॉस्पिटल के डाक्टरों से भी जानकारी ली। साथ ही इस पूरे मामले की जांच की बात कही है। इसके अलावा सीईओ ने कैंटोनमेंट के डाक्टरों और बोर्ड की एक टीम भी बना दी है। यह टीम रविन्द्रपुरी में घर-घर पहुंची और सर्वे किया कि किसी घर में कितने लोग बीमार है और कब से हैं।

कैंटोनमेंट हॉस्पिटल पहुंचे सीईओ ने कैंटोनमेंट के डाक्टरों से बीमारों को लेकर जानकारी ली। जाकिर हुसैन को बताया गया कि इन्हें उल्टी दस्त व पेट में ऐंठन की शिकायत है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीईओ ने डाक्टरों व बोर्ड की एक संयुक्त कमेटी का गठन कर दिया है। यह कमेटी रविन्द्रपुरी में घर-घर पहुंची और किस घर में कितने मरीज हैं यह पूरी जानकारी ली।

कैंट बोर्ड की रविन्द्रपुरी स्थित टंकी का पानी तो जलकल अभियंता अरविन्द्र गुप्ता ने साफ सुथरा बताया है। श्री गुप्ता ने तत्काल वहां खुदाई कराकर पानी के सप्लाई पाइप की जांच की जो पूरी तरह से दुरूस्त पाए गए। दरअसल जो सारी परेशानी की जड़ घरों में जा रहे पाइप हैं। ये पाइप सरकारी नालियों में डूबे हुए हैं। ज्यादार पाइप लीक हैं, जिनसे होकर नालियों की गंदगी घरों तक पहुंच रही है और वही पानी पीने में यूज हो रहा है, जिसकी वजह से लोग बीमार हुए हैं।

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं और कर्मचारियों में भिड़ंत मारपीट के बाद सफाई कर्मियों ने दी हड़ताल की धमकी

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**



**बरेली।** शुक्रवार दोपहर नगर निगम दफ्तर में बवाल हो गया, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर पहुंच थे। कार्यकताओं ने नगर आयुक्त का घेराव किया और नारेबाजी शुरू कर दी। इसी दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ी तो मामला हाथापाई तक जा पहुंचा। मामला डीएम अविनाश सिंह तक पहुंच गया, उन्होंने जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

एबीवीपी के कार्यकर्ता बरेली कॉलेज के हॉस्टल और सफाई व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें लेकर निगम पहुंचे थे। जब नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य दफ्तर से बाहर निकले, तो कार्यकताओं ने उन्हें रोकने की कोशिश की। माहौल गमार्ता देख सुरक्षाकर्मी बीच में आए। नगर आयुक्त वहां से पैदल ही अपने आवास की ओर निकल गए। विवाद बढ़ने पर निगम कर्मचारियों ने गेट बंद कर दिया और बाहर दो बुलडोजर खड़े कर दिए। कार्यालय परिसर में अफरातफरी मच गई। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि करीब 50-60 युवक एबीवीपी के साथ पहुंचे थे, जिन्होंने न सिर्फ दफ्तर में घुसकर हंगामा किया, बल्कि नगर आयुक्त के साथ अभद्रता और कर्मचारियों से मारपीट भी की।

वहीं एबीवीपी नेताओं का कहना है कि उन्हें अपनी मांगें रखने पर कर्मचारियों ने धक्कामुक्की की और मारपीट की। विभाग संगठन मंत्री अवनी यादव ने कहा कि वे हॉस्टल और सफाई संबंधी समस्याओं पर बात करने गए थे, लेकिन कर्मचारियों ने अभद्र व्यवहार किया। सह संयोजक श्रेयांश बाजपेई ने आरोप लगाया कि निगम कर्मचारियों ने छात्रों को घेरकर पीटा, जिससे कई को चोटें आईं। इधर, घटना के बाद नगर निगम के सफाई कर्मचारी भी भड़क गए। कर्मचारी नेता राजकुमार समदर्शी ने कहा निगम में आए लोग छात्र नहीं, गुंडे थे। उन्होंने नगर आयुक्त के साथ बदसलूकी की, गेट पर धक्कामुक्की की और गाली-गलौज की। घटना से आक्रोशित सफाई कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि अगर एबीवीपी कार्यकताओं पर कार्रवाई नहीं हुई, तो शहर की सफाई व्यवस्था ठप कर दी जाएगी। उधर, एबीवीपी के कार्यकर्ता भी नगर निगम परिसर में धरने पर डटे हुए हैं। फिलहाल दोनों पक्ष आमने-सामने हैं और माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। अधिकारी शांति बहाल कराने की कोशिश में जुटे हैं, लेकिन दिनभर निगम परिसर में हंगामे और नारेबाजी का दौर जारी रहा। एबीवीपी विभागीय संगठन मंत्री अभनी यादव ने आरोप लगाया है कि निगम कर्मचारियों ने लाठी-डंडों से मारपीट की, उन्होंने डीएम अविनाश सिंह से मामले की शिकायत की है। डीएम ने कार्यकताओं को आश्वासन दिया है कि मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व विधायक धीरज ओझा की अध्यक्षता में एसआईआर पर कार्यशाला सम्पन्न

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़।** जनपद के फायर ब्रान्ड भाजपा नेता पूरदव विधायक रानीगंज के बभनमई स्थित प्रेम साधना पैलेस में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला-बैठक मतदाता गहन पुनरीक्षण (रकफ) के विषय पर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी श्री कौशलेंद्र सिंह पटेल जी उपस्थित रहे तथा अध्यक्षता माननीय निवर्तमान विधायक श्री धीरज ओझा जी ने की।

जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह पटेल जी ने कहा, यह विशेष गहन पुनरीक्षण हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाने का अवसर है। यह सुनिश्चित करेगा कि मतदाता सूची में वास्तव में योग्य और नामांकित मतदाता शामिल हों तथा अयोग्य, मृत या अन्यत्र स्थानांतरण कर चुके मतदाताओं के नाम समय रहते हटाए जाएँ।

विधायक धीरज ओझा जी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, हमारे क्षेत्र में इस रकफ प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता व समावेशिता के साथ लागू करना है। प्रत्येक योग्य नागरिक को अपने नाम की पुष्टि करने का अवसर मिलेगा और किसी भी त्रुटि या गड़बड़ी की स्थिति में सुधार संभव होगा। आपकी भागीदारी ही इस प्रक्रिया को सफल बनाएगी।

रकफ अर्थात विशेष गहन पुनरीक्षण एक केन्द्रित व समयबद्ध अभियान है, जिसमें बूथ-स्तर के अधिकारी घर-घर जाकर मतदाता सूची की जाँच-सत्यापन करते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य है सूची को त्रुटिमुक्त, अद्यतन और विश्वास-योग्य बनाना – जिसमें मृतक या स्थानांतरण कर चुके मतदाताओं को हटाना और नए योग्य मतदाताओं को शामिल करना शामिल है। इस प्रक्रिया से एक व्यक्ति – एक वोट के सिद्धांत को मजबूती मिलती है तथा हमारे निर्वाचन क्षेत्र में लोकतांत्रिक भागीदारी को बढ़ावा मिलता है।

हम निवेदन करते हैं कि सभी नागरिक इस अवसर का लाभ उठाएं – अपने नाम, पहचान व पते की पुष्टि करें और यदि कोई त्रुटि हो तो समय पर सुधार करवाएं। इस प्रकार हम मिलकर अपने क्षेत्र की मतदाता सूची को सशक्त और समावेशी बना सकते हैं।

# नहरों में पानी नहीं आने पर किसानों के सामने गेहूं बुवाई का संकट



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र में नहर और रजवाहे की हो रही सफाई के कारण, किसानों के सामने खेतों में, गेहूं बुवाई और सिंचाई करने के लिए पानी नहीं मिलने पर संकट खड़ा हो गया है, किसानों ने प्रदेश के सीएम को पत्र भेज कर गेहूं बुवाई में पानी की मांग की है। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश अनुसार प्रदेश भर में नहर और रजवाहों की युद्ध स्तर पर सफाई की जा रही है। नहरो में सफाई अभियान के चलते पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। किसान इन दोनों गेहूं की बुवाई करने में लगे हुए हैं गेहूं बुवाई से पूर्व किसानों को खेतों में पानी की आवश्यकता पड़ती है। काफी दिनों से नहरो में पानी नहीं आने के कारण किसानों के खेतों में सिंचाई नहीं हो रही है। शुक्रवार को किसान, रामकुमार, अब्बास पवन, उमरदीन, अफसर, आरिफ, राजेश, अंकित, अनिल, सहित आदि किसानों ने प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजते हुए बताया कि थाना क्षेत्र में पूर्वी यमुना नहर, सहित कई रजवाहे गुजरते हैं, जिसे क्षेत्र के किसानों के खेतों में पानी पहुंचता है और किसान अपनी फसलों को उनके ऊपर निर्भर रखते हैं। लगातार नहरों में पानी नहीं छोड़ने के कारण किसानों के सामने गेहूं बुवाई करने में संकट पैदा हो गया है। समय पर गेहूं की बुवाई नहीं होने के कारण किसानों का कहना है कि उनके खेत सूने पड़े हुए हैं। किसानों ने थाना क्षेत्र से गुजरने वाले सभी नहरों सहित रजवाहों में पानी छोड़े जाने की मांग की है।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण मेरठ पुलिस ने मनाया अद्वितीय उत्सव



**वेलकम इंडिया**

**मेरठ(जाकिर तुर्क)।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मेरठ पुलिस कार्यालय में एक भव्य सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित इस अमर गीत के सम्मान में आयोजित इस आयोजन ने पूरे परिसर को देशभक्ति के भावों से ओत-प्रोत कर दिया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ सहित तमाम पुलिस अधिकारी और कर्मचारी देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आए। सभी ने एक स्वर में वंदे मातरम का गायन कर राष्ट्रप्रेम, एकता और गौरव का सशक्त संदेश दिया। गीत की मधुर धुनों से पूरा पुलिस कार्यालय वंदे मातरम की गूंज से गूंज उठा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ ने इस अवसर पर कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, यह हमारी आत्मा का स्वर है। यह गीत हर भारतीय के हृदय में देश के प्रति सम्मान और समर्पण की भावना को जागृत करता है। इसी क्रम में जनपद मेरठ के सभी थानों एवं पुलिस कार्यालयों में भी सामूहिक वंदे मातरम गायन का आयोजन किया गया। पुलिसकर्मियों ने अनुशासन और उत्साह के साथ भागीदारी करते हुए राष्ट्रभक्ति की भावना को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाया।

# यूपीएचसी सीबीगंज में राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया गया

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के अवसर पर यूपीएचसी सीबीगंज में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विश्राम सिंह के मार्गदर्शन में तथा डॉ मधु गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच के महत्व को बताना और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संदेश देना था।

इस कार्यक्रम के दौरान कैंसर जागरूकता की शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी उपस्थित स्टाफ, मरीजों, आशा बहनों एवं इनरव्हील क्लब ह्लग्लोरी प्लसह्व की सदस्याओं ने भाग लिया। यूपीएचसी परिसर में विशेष रूप से बनाई गई इस दीवार पर स्टाफ, मरीजों और क्लब सदस्याओं ने अपने रंगीन हस्तचिन्ह बनाए तथा प्रेरणादायक नारे और सकारात्मक संदेश लिखे। जो हिम्मत, उम्मीद और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण का प्रतीक बने।

कार्यक्रम का दूसरा चरण लेबर कॉलोनी सीबीगंज में आयोजित किया गया, जहाँ स्थानीय नागरिकों ने भी कैंसर से बचाव की शपथ ली। सभी को नशा छोड़ने, समय-समय पर जांच कराने और संतुलित जीवनशैली अपनाने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर हिर्देश, सरिता, मन्मोहन, सरस्वती, वैशाली, अफजा, अनीता, सुरभि पाठक, रीना गुप्ता, अंजू, डॉ. ममता शर्मा और डॉ. कविता पांडेय जैसी सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ। जिन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जागरूकता के संदेशों से कार्यक्रम को प्रेरक रूप दिया। इस अवसर पर डॉ. मधु गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि ह्लकैंसर से हमें डरना नहीं है, समय पर इसकी पहचान करनी है। हर महिला को अपनी नियमित जांच करानी चाहिए, क्योंकि हर मुस्कान में जीत है।

## लूट व बरामदगी के मामले में आरोपित को मिली जमानत

**वाराणसी।** फ्लिपकार्ट कंपनी के डिलीवरी कर्मचारी को असलहे से आतंकित कर मोबाइल, नगदी व सामान लूट व बरामदगी के मामले में आरोपित को कोर्ट से राहत मिल गई ` जिला जज संजीव शुक्ला की अदालत ने चक्का, हरहुआ निवासी आरोपित मोहित यादव को 50-50 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया` अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव, नरेश यादव, अजय पाल व संदीप यादव ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार कटौना वाराणसी निवासी महेश कुमार वर्मा ने बड़ागांव थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि वह फ्लीपकार्ड में डिलीवरी ब्वॉय की नौकरी करता है वह 18 अक्टूबर 2025 को अवनिश सिंह के नाम से बूकिंग पार्सल देने के लिए चिउरापूर हथिवार मार्ग पर अवनिश सिंह के मोबाइल पर फोन किया तो वह कई वार समय लेता रहा फिर जब वह जाने लगा तो उसने पुनः उसे बुलाया ।

# विकासखंड प्रांगण में खड़ी गाड़ी में लगी आग, जलकर हुई खाक



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** नगर के विकासखंड प्रांगण में ड़ी एक गाड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने से, जलकर खाक हो गई। विकासखंड अधिकारी ने थाने पहुंचकर अज्ञात में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। नगर की टीचर कॉलोनी स्थित विकासखंड प्रांगण मौजूद है। कई महा पूर्व विकासखंड अधिकारी की सरकारी गाड़ी खराब हो गई थी जिस कारण वह विकासखंड प्रांगण में खड़ी हुई थी। गुरुवार की रात्रि किसी अज्ञात शरारती तत्व ने विकासखंड प्रांगण में खड़ी गाड़ी में आग लगा दी। विकासखंड अधिकारी की गाड़ी में आग लग जाने से कॉलोनी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास कॉलोनी के लोगों ने जलती हुई गाड़ी पर पानी डालकर काबू पाया मगर तब तक गाड़ी जलकर खाक हो चुकी थी। शुक्रवार को विकासखंड अधिकारी रोहतास कुमार ने थाने पर पहुंचकर अज्ञात शरारती तत्वों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की तारीख प्राप्त हुई है जल्दी घटना का राजफाश कर दिया जाएगा।

# पुलिस ने चलया वाहन चेकिंग अभियान, मचा हड़कंप

**कांधला।** कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर यातायात माह के तहत पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनस्वामियों पर कार्रवाई की। पुलिस टीम ने मौके पर दर्जनों बाइकों के चालान काटे तथा कई मोटरसाइकिलें सीज कर थाने में खड़ी करा दीं। अचानक हुई कार्रवाई से वाहन चालकों में अफरातफरी का माहौल बन गया। एसपी शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर जनपद में यातायात माह के दौरान लगातार चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में उप निरीक्षक ओमकारनाथ पांडे ने पुलिस टीम के साथ दिल्ली बस अड्डे पर अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस, आरसी व अन्य आवश्यक कागजात नहीं होने वालों को रोककर कागजातों की गहन जांच की। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर चालान काटे गए और कई बाइकों को सीज कर थाने मे बंद कर दिया। पुलिस ने बुलेट बाइकों पर पटाखा साइलेंसर लगाकर तेज आवाज पैदा करने वालों पर भी सख्ती दिखाते हुए बाइकों को पकड़कर थाना परिसर में खड़ा करा दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि यातायात अनुशासन में सुधार के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# बरेली में उद्योगपति के घर बोरों में भरे मिले छह करोड़ रुपए, मशीन से हुई गिनती, करीब 10 घंटे लगे

**वेलकम इंडिया/खालिद खान**



**बरेली।** शहर के शास्त्री नगर में केंद्रीय जीएसटी की टीम ने परसाखेड़ा में फैक्ट्री संचालित करने वाले कारोबारी तरुण अग्रवाल के घर पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान टीम को घर में भारी मात्रा में नकदी मिली, जो प्लास्टिक के बोरों में भरी हुई थी। धनराशि इतनी अधिक थी कि उसकी गिनती के लिए आयकर विभाग को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से नोट गिनने की मशीन मंगवानी पड़ी। मशीन आने के बावजूद नोटों की पूरी गिनती करने में करीब 10 घंटे लग गए। सूत्रों के मुताबिक, कारोबारी के घर से बरामद नोट गड्डियों के रूप में व्यवस्थित नहीं थे, बल्कि उन्हें यूं ही बोरों में भरकर रखा गया था। इसलिए सबसे पहले विभागीय टीम ने नोटों को गिनने योग्य गड्डियों में बांधा, फिर मशीन से गिनती शुरू की। जांच टीम ने पाया कि नकदी में 100, 200 और 500 रुपए के नोटों की गड्डियां थीं। शुरूआती गणना में यह रकम करीब छह करोड़ रुपये के आसपास निकली। आयकर विभाग ने बरामद छह करोड़ रुपये की पूरी राशि को जब्त कर लिया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, छापेमारी के दौरान घर से खरीद-बिक्री के कई दस्तावेज और रजिस्टर भी कब्जे में लिए गए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। छापेमारी के तीन दिन बीत जाने के बाद भी कारोबारी तरुण अग्रवाल की ओर से इस भारी भरकम नकदी के वैध स्रोत का कोई ठोस प्रमाण पेश नहीं किया गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जब तक कारोबारी अपनी आय और धन के स्रोत से जुड़ा स्पष्ट विवरण प्रस्तुत नहीं करते, तब तक यह रकम ह्लसंदिग्ध अथवा काला धनह्व मानी जाएगी। यदि आगे चलकर कारोबारी यह साबित कर पाते हैं कि यह राशि वैध है, तो उसी अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सिक्योरिटी सॉल्यूशंस ब्रांड्स स्टीलएज और चबसेफ्स ने वाराणसी में डिस्प्ले सेंटर किया लॉन्च

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** फिजिकल सिक्योरिटी सॉल्यूशंस के क्षेत्र में विश्व प्रसिद्ध कंपनी गुनेबो ने उत्तर भारत में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करते हुए उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक शहर वाराणसी में 7 नवम्बर 2025 शुक्रवार को अपना नया डिस्प्ले सेंटर लॉन्च किया है` मुख्य अतिथि के रुप मे महापौर अशोक तिवारी और अतिथि के रुप मे हरे कृष्ण जवेलर्स से संतोष कुमार अग्रवाल उपस्थित रहे` महापौंर अशोक तिवारी के हाथों फीता काटकर शुभारम्भ किया गया इस अवसर पर गुनेबो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और जायेंन बिजनेस सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के लोग शामिल रहे। संजय श्रीवास्तव और राकेश गुप्ता ने महापौर अशोक तिवारी और संतोष अग्रवाल को मोमेंटो देकर किया सम्मान ।

बताया गया की इस सेंटर के माध्यम से गुनेबो के प्रमुख ब्रांड्स स्टीलएज और चबसेफ्स की अत्याधुनिक और प्रमाणित सिक्योरिटी टेक्नोलॉजी को प्रदर्शित किया गया है` इस डिस्प्ले सेंटर का उद्घाटन विषद मिश्रा वाइस प्रेसिडेंट सेल्स एंड सर्विस, गुनेबो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गयो यह सेंटर गुनेबो के ऑथराइज्ड चैनल पार्टनर जायेन बिजनेस सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से स्थापित किया गया है और शिवदासपुर लहरतारा मण्डुवाडीह रोड पतंजलि मेगा स्टोर के सामने स्थित है` यह डिस्प्ले सेंटर उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है जो सुरक्षित और प्रमाणित सिक्योरिटी सॉल्यूशंस की तलाश में हैं सेंटर में सेफ्स, वॉल्ट्स, मॉड्यूलर वॉल्ट रूम्स और सेफ डिपॉज़िट लॉकर सहित विस्तृत उत्पाद श्रृंखला उपलब्ध है जो आधुनिक व्यापारिक इकाइयों की सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई है ।

## सिपाही शिवकुमार की आत्महत्या मामला

# ब्लैकमेलिंग करने वाली महिला पर एफआईआर दर्ज

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** बिथरी चैनपुर थाने में तैनात सिपाही शिवकुमार की आत्महत्या के मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है। पुलिस ने ब्लैकमेलिंग के आरोप में महिला सीता देवी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। बताया गया कि सिपाही ने 21 अगस्त को अपने किराए के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी थी। जांच में सामने आया कि महिला उससे शादी करने का दबाव बना रही थी और इनकार करने पर बदनाम करने की धमकी दे रही थी।

मेरठ जिले के ग्राम खाता, थाना फलावदा निवासी आदेश कुमार ने बताया कि उनका छोटा भाई शिवकुमार वर्ष 2021 में उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही के पद भर्ती हुआ था। 8 अप्रैल 2023 से उसकी तैनाती बिथरी चैनपुर थाने में थी। वह थाना क्षेत्र के ग्राम बिथरी चैनपुर में सरकारी अस्पताल के सामने भूरे कश्यप के मकान में किराए पर रहता था। मकान में दो कमरे थे एक में शिवकुमार और उसका साथी सिपाही सचिन रहते थे, जबकि दूसरे में सिपाही आकाश और विकास रहते थे। करीब दस महीने पहले चारों ने सीता देवी नाम की महिला को खाना बनाने के लिए रखा था, जिसे हर महीने चार हजार रुपये दिए जाते थे। इसी दौरान महिला ने शिवकुमार से नजदीकियां बढ़ाईं और बाद में उसे ब्लैकमेल करने लगी। परिजनों के मुताबिक, जब शिवकुमार की शादी तय हुई, तो सीता देवी को इसकी जानकारी मिल गई। इसके बाद उसने शिवकुमार पर शादी करने का दबाव डालना शुरू कर दिया।

मना करने पर उसने धमकी दी कि वह उसकी बदनामी कर देगी। इससे परेशान होकर शिवकुमार मानसिक तनाव में रहने लगा। 13 अगस्त को छुट्टी पर घर आए शिवकुमार ने परिवार को बताया था कि एक महिला उसे ब्लैकमेल कर रही है। परिवार ने समझाया कि वह लौटकर इसकी शिकायत करे, लेकिन 21 अगस्त को ड्यूटी जॉइन करने के बाद हालात इतने बिगड़े कि उसने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

# वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाई गई

**वेलकम इंडिया**



**टाण्डा।** शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर चन्द्रमुखी बालिका इंटर कॉलेज में भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ वंदे मातरम गाकर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी लेखनी से देशभक्ति की भावना को अभिव्यक्त किया।

प्रतियोगिता में कक्षा 10 की छात्रा सृष्टि ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 की सुरभि ने द्वितीय स्थान, जबकि कक्षा 10 की संध्या ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मंगू सिंह, भगवान दास, नीरज कुमार, माजिदा परवीन, शुभम कुमार और नमिता रूहेला आदि उपस्थित रहे।

# मोदी कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों द्वारा सामूहिक वंदे मातरम का गायन किया




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में शिक्षा निदेशक माध्यमिक उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र के अनुपालन में जिला विद्यालय निरीक्षक गाजियाबाद डॉक्टर धर्मेंद्र शर्मा के निर्देशों के क्रम में दोनों पारियों में प्रार्थना सभा के बाद छात्रों और शिक्षकों द्वारा सामूहिक वंदे मातरम का गायन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश चंद अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय में यह कार्यक्रम बड़े उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक लगातार चलेगा।छात्रों को वंदे मातरम के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व से भी परिचित कराया गया। राष्ट्रगीत वंदे मातरम 1875 में बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा लिखा गया था। 2025 में इसके 150 वर्ष पूर्ण होने पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।अगले सप्ताह राष्ट्र भक्ति पर आधारित प्रदर्शनी लघु फिल्मों की स्क्रीनिंग आदि कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।पूर्व में भी 17 दिसंबर 2021 को आजादी के अमृत महोत्सव व चोरी चोरा महोत्सव के पर्व पर प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का संयुक्त स्मरणोत्सव मेरठ क्रांति पर्व पर विद्यालय में लगभग 4000 छात्रों और शिक्षकों द्वारा वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया था। इस भव्य कार्यक्रम के लिए आयुक्त मेरठ मंडल द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाओं डॉक्टर नीतू चौधरी श्रीमती सीमा सिंह डॉक्टर पूनम वशिष्ठ आदित्य रानी, डॉक्टर भावना, शिवानी बागोरिया नीता शर्मा वर्षा रानी रोमा चौधरी व ज्योति चौधरी, चंचल और विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी श्री राजकुमार सिंह श्री राजीव कुमार और पी टी आई श्री राजीव सिंह श्री प्रवीण जैनर श्री गौरव त्यागी श्री सतीश कुमार श्री राहुल त्यागी आदि का सहयोग सराहनीय रहा। इस अवसर पर दोनों पालियों के सभी शिक्षकों शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। डी.जी.आर. पब्लिक स्कूल में वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता एनसीसी बटालियन 35 के सहयोग से संपन्न हुई।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। निर्णायक मंडल ने बच्चों की रचनात्मकता और प्रस्तुति की सराहना की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कार्तिक राघव, द्वितीय स्थान सिया तथा तृतीय स्थान आराध्या बलहारा ने प्राप्त किया। इस अवसर पर बटालियन से सूबेदार मेजर प्रेमानन्द, बी एच एम संजीत, हवलदार पवन तथा विद्यालय के ए एन ओ गुड्डू गुप्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ. सोनल चौधरी ने की तथा विद्यालय के प्रबंधक गुलबीर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# स्कॉर्पियो बाईक की जोरदार टक्कर। पति पत्नी की हुई मौके पर मौत बच्चे की हालत गंभीर



बिजनौर के किरतपुर रोड पर मृतकों की पहचान बिजनौर की भरत विहार कॉलोनी निवासी गौरव लगभग उम्र 32 वर्ष पुत्र वीर पाल और उनकी पत्नी अंजू की उम्र 30 वर्ष के रूप में हुई है दंपत्ति अपने बेटे आदित्य के साथ गांव मोचीपुरा से अपने साले के लगन कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे थे। जैसे हाईवे पर पहुंचे, किरतपुर की ओर से आ रही एक स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। गौरव और उनकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई थी और पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दी दंपती की एक 11 वर्षीय बेटी गुनगुन घर पर थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया यह सारी घटना किरतपुर रोड गांव मोचीपुरा के पास की है।

# समाजवादी पार्टी के नेता आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में हुआ




वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद में समाजवाद से समाधान कार्यक्रम समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया जिसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व एमएलसी प्रत्याशी प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव जी रहे।समाजवादी नेता आशुतोष शर्मा ने बताया आज भाजपा सरकार जनता के साथ धोखा करके उनके वोट को चोरी करके बेईमानी करके सरकार बना रही है और जनता को समझ भी नहीं आ रहा है कि वह ना चाहते हुए भी भाजपा सरकार को सत्ता में देख रहे हैं आशुतोष शर्मा ने बताया आज भाजपा सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर फर्जी वोट बनवाकर विधानसभा चुनाव जीत जा रही है ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं को प्रत्येक बात की जानकारी हो और अपने प्रत्येक बूथ पर समाजवादी वोट को बचाने का कार्य कर सकें

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव जी ने बताया आज अगर समाजवादी पार्टी को 2027 में सरकार बनानी है उसके लिए बूथ स्तर पर कार्य करने वाले प्रत्येक समाजवादी नेता को प्रशिक्षित करना होगा और उनको समझाना होगा किस प्रकार अपनी वोट को बचाना है और अपनी पार्टी की वोट को बचाना है।प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव जी ने बताया भाजपा सरकार समाजवादी पार्टी के जो वोटर हैं जिसमें यादव और मुस्लिम प्रमुखता से माने जाते हैं उनके वोट को वोटर लिस्ट से हटवा दे रहे हैं। जिससे वह मतदान के समय पर अपनी वोट भी नहीं डाल पा रहे हैं प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव ने बताया पश्चिमी उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी कमजोर है इसलिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले से शुरूआत किया गया है और प्रत्येक जिले में इस प्रकार के कार्यक्रम चलाए जाएंगे और 2027 में अखिलेश यादव जी को पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में लाया जाएगा आशुतोष शर्मा ने बताया हापुड़ जिले में प्रत्येक ब्लॉक में और प्रत्येक गांव में नौजवानों को जोड़कर समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाया जाएगा और जनता की समस्या के समाधान किए जाएंगे।समाजवाद से समाधान कार्यक्रम में हापुड़ जिले के सभी वरिष्ठ नेता शामिल हुए जिनमें प्रमुख रूप से हापुड़ जिले के जिला उपाध्यक्ष पंडित श्रवण कुमार शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश सचिव देवेंद्र जाखड़, प्रदेशों के महिला सभा शालू जौहरी, समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अरुण यादव, प्रदेश सचिव छात्र सभा सुधांशु यादव, राष्ट्रीय सचिव शिक्षक समाज शिवानंद सिंह, राष्ट्रीय सचिव समाजवादी अंबेडकर वाहिनी संजीव वर्मा, परीक्षित बालियान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी अंकित भढ़ाना, बिन्दर कश्यप, विक्रम गुर्जर, अलीपुर समिति के डायरेक्टर राजेश देवी, भारतीय किसान यूनियन सेवक के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदेश गुर्जर राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील शर्मा और सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी शामिल हुए।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में 'लीगल एड अवेयरनेस पर गेस्ट लेक्चर आयोजित

**गाजियाबाद**। डासना स्थित एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज में 'लीगल एड अवेयरनेस प्रोग्रामज विषय पर एक प्रेरणादायक गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों, न्याय तक समान पहुँच और मुफ्त कानूनी सहायता की आवश्यकता के प्रति जागरूक करना था, ताकि समाज के कमजोर वर्गों को भी न्याय प्राप्त हो सके। यह कार्यक्रम असिस्टेंट प्रोफेसर एवं लीगल एड एंड प्रो बोनो क्लब की प्रभारी सुश्री आकांक्षा सिंह द्वारा निदेशक डॉ. हेमंत कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

# विज्ञान महोत्सव में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल ने बेस्ट स्कूल की ट्रॉफी पर जमाया कब्जा




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। आईएमएस गाजियाबाद के 'जेनेसिस-2025 बायोस्पार्क' विज्ञान महोत्सव में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल ने बेस्ट स्कूल की ट्रॉफी पर जमाया कब्जा साथ ही छात्रों ने विभिन्न वर्गों ट्रेजर हंट, जंक्यार्ड व स्पार्क टैंक में ट्रॉफी-प्राप्त की। आईएमएस गाजियाबाद के बायोसाइंसेज विभाग द्वारा आयोजित अंतर-संस्थागत विज्ञान महोत्सव 'जेनेसिस-2025 बायोस्पार्क' में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल संस्थान के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। 31 अक्टूबर 2025 (शुक्रवार) को हुए इस कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी असाधारण प्रतिभा और नवाचार का प्रदर्शन किया, जिसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया। इस विज्ञान महोत्सव में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने जंक्यार्ड जीनियस, टेक्नोक्राफ्ट, मैजिक मील, मांइड मैज, स्पार्क टैंक, साइंस परसोना जैसी

विभिन्न प्रतियोगिताओं मे प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने भी भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसमें- ट्रेजर हंट में चिराग पुरस्कार विजेता, जंक्यार्ड जीनियस मे आयुष पंवार और प्रणव पराशर ने द्वितीय स्थान, स्पार्क टैंक मे अवि, अर्जुन, और स्वास्तिक, ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपकी रचनात्मक व वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मेहनत जिज्ञासा और समर्पण हमें हर दिन गर्व महसूस कराते हैं। स्कूल प्रबंधक श्री तुषार गुप्ता व डॉक्टर शिखा दरबारी ने इस सफलता के लिए छात्रों व मैटर ज्योति पांचाल व प्रभात सूर्यवंशी को बधाई देते हुए प्राचार्य महोदया के निरंतर प्रोत्साहन और अटूट समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी तरह आगे बढ़ने व सफलता की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया।

# उलेड़ा बैंक में बंदरों का हमला, होमगार्ड गंभीर रूप से घायल

वेलकम इंडिया महमूद रजा



बिजनौर हीमपुर थाना क्षेत्र के उलेड़ा स्थित बैंक में उस समय अफरातफरी मच गई जब अचानक बंदरों के झुंड ने बैंक परिसर में हमला कर दिया। इस दौरान बैंक में ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड सबदर हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि सबदर हुसैन बैंक के मुख्य द्वार पर सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे, तभी बंदरों का झुंड अंदर घुस आया और उन पर हमला कर दिया।

बंदरों के हमले से सबदर हुसैन घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बंदरों को भगाया और घायल होमगार्ड को तुरंत चांदपुर सीएचसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल बिजनौर रेफर कर दिया।घटना के बाद स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बंदरों का आतंक बढ़ गया है, लेकिन वन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों ने प्रशासन से बैंक और बाजार क्षेत्र में सुरक्षा के इंतजाम बढ़ाने की मांग की है।

# जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी के मार्गदर्शन में डी.जे. कॉलेज ऑफ फामेर्सी, मोदीनगर की ओर से एक शैक्षिक एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के विशेषज्ञों ने कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को टाइम मैनेजमेंट एवं मनी मैनेजमेंट के महत्व को पिरामिड के माध्यम से सरल और प्रभावशाली ढंग से समझाया। साथ ही दंत स्वास्थ्य के क्षेत्र से पधारे दंत चिकित्सक डॉ. नितिन सोम, मोहित त्यागी ने विद्यालय के कुल 132 छात्र-छात्राओं का दंत परीक्षण किया तथा दंत स्वच्छता एवं देखभाल के उपयोगी सुझाव प्रदान किए।विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु डी.जे. कॉलेज ऑफ फामेर्सी की टीम का हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार की ओर से गौरव माहेश्वरी एवं श्रीमती राधिका माहेश्वरी ने सभी मार्गदर्शकों के प्रति सहयोग, प्रेरणा एवं सतत मार्गदर्शन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

# गायत्री दिव्य ज्योति कलश यात्रा का हुआ मोदीनगर में आगमन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। परम पूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य जी व परम वंदनीया माताजी भगवती देवी शर्मा जी के सूक्ष्म संरक्षण में और गायत्री माता के परम आशीर्वाद से ज्योति कलश रथ का मोदीनगर में आगमन हुआ। यह रथ यात्रा सम्पूर्ण भारत वर्ष के साथ ही ग्यारह देशों में सम्पन्न की जा रही है इस कलश यात्रा में चौबीस सौ तीर्थों का जल व रज समाहित है। कलश यात्रा का मोदीनगर क्षेत्र के ग्राम सैदपुर डीलना चूड़ियाला मुरादाबाद ढिंढाला गून सारा सिखेड़ा मवी निवाड़ी पतला खिंदौड़ा भनेड़ा सुहाना नंगला अक्खु पूठड़ी डिडोली सौंदा पेंगा फतेहपुर मोहम्मदपुर कदीम सिखेड़ा हजारी फफराना सूरत सिटी में आगमन हो गया है।इस कलश यात्रा में मुख्य रूप से वीरेंद्र गौड़ धर्मवीर वर्मा स्वराज सिंह जिले सिंह अशोक गुप्ता विकास गुप्ता रामनाथ त्यागी राजेंद्र मलिक सुशील बिन्दल सुरेश शर्मा ओडी शर्मा सहित सैंकड़ो अनुयायी शामिल हो रहे हैं। परम वंदनीया माताजी के जन्म शताब्दी समारोह वर्ष के उपलक्ष में दिनांक 12 नवंबर दिन बुधवार शाम 5 बजे गायत्री शक्तिपीठ गोविंदपुरी मोदीनगर में विशाल दीप यज्ञ कार्यक्रम होगा।

# वंदेमातरम के सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। अमृत सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में राष्ट्र गान वंदेमातरम् के सामूहिक गायन का कार्यक्रम अमन चिल्ड्रेन एकेडमी पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। सन् अठारह सौ पिचहत्तर में आज ही के दिन इस कालजयी रचना को बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय के द्वारा रचा गया। इस गीत की धुन यदुनाथ भट्टाचार्य ने बनाई जो संस्कृत तथा बंगला भाषा का मिश्रण था। कार्यक्रम में मोदीनगर विधायक डाक्टर मंजु शिवाच तथा मोदीनगर पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली सभासद प्रवीण की अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति रही। अन्य अतिथि राजेन्द्र गोयल, अनिल सैन, दीपा वर्मा, नीरज तेवतिया, सुशीला शर्मा आदि रहे। अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मृदुला शर्मा की रही।ममता, निधि मंजु, सुहानी, पूजा शिक्षिकाएँ, साक्षी गिरी, अंशिका वर्मा, चारू, तारिशी, वानी विदूषी, अदिति, प्रीति, वैष्णवी सर्राफ आदि छात्राओं के साथ अमृत सेवा ट्रस्ट से डाक्टर उपेन्द्र कुमार आर्य जी, डाक्टर ब्रम्हपाल सिंह आर्य तथा डाक्टर अनिला सिंह आर्य जो कार्यक्रम संयोजक थे की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आरम्भ सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके, पुष्प अर्पित करते हुए हुआ। अतिथियों ने अपने सम्बोधन में वंदेमातरम् के रचनाकार बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय को कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अमर शहीदों को भी नमन किया हम जो आज बड़े हैं वो तब तक नहीं होंगे लेकिन आप उसे देखने के लिये रहेंगे, यह, देश रहेगा, तिरंगा रहेगा, आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसित भारत हर आवश्यकता की वस्तु अपने देश में निर्माण करेगा, अपना ज्ञान विश्व पटल पर साझा करेगा।

सामूहिक रूप से वंदेमातरम् का गायन भी उसी ओर प्रयाण का एक भगीरथ प्रयास रहा।अंत में संस्था तथा प्रधानाचार्या के द्वारा सभी का आभार और धन्यवाद किया गया।

# महापौर सुनीता दयाल ने 25 साल पुराने अवैध कब्जे का किया अंत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** महापौर सुनीता दयाल ने शुक्रवार को एक बार फिर अपने दृढ़ प्रशासनिक निर्णय का परिचय देते हुए वसुंधरा के प्रहलादगढ़ी क्षेत्र में लगभग 30 करोड़ रुपये मूल्य की 1600 वर्गमीटर भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। यह भूमि करीब पच्चीस वर्षों से अवैध रूप से कब्जाई गई थी, जहाँ मीट की दुकानें, वाहन पार्किंग, पशुपालन और गंदगी का अड्डा बना हुआ था। महापौर ने मौके पर स्वयं उपस्थित रहकर अवैध मीट की दुकान को ध्वस्त कराया और भूमि को पूरी तरह साफ करवाया। उनके साथ आवास विकास परिषद और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्रवाई के दौरान महापौर ने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी पशु को नुकसान न पहुँचे, इसलिए तोडफोड़ से पहले सभी पशुओं को बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि नगर निगम की यह भूमि, जो आवास विकास विभाग द्वारा वसुंधरा योजना के तहत निगम को हस्तांतरित की गई थी, वर्षों से कब्जाधारियों के नियंत्रण में थी। स्थानीय निवासी लगातार शिकायतें कर रहे थे कि क्षेत्र में खुलेआम मीट काटा जा रहा है, बदबू और गंदगी से वातावरण दूषित है। महापौर को जब यह शिकायत स्थानीय निवासी सुबोध शर्मा द्वारा प्राप्त हुई कि मोहम्मद इरफान नामक व्यक्ति ने निगम की भूमि पर अवैध दुकान बनाकर खुले में मीट बेचना शुरू कर दिया है और उसके साथ ही कुछ लोगों ने पार्किंग और पशुपालन भी शुरू कर रखा है, तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए। सबसे पहले जलकल विभाग से नोटिस जारी कराया गया और संपत्ति विभाग द्वारा जांच करवाई गई, जिसमें यह भूमि निगम की संपत्ति पाई गई। इसके बाद महापौर ने आवास विकास अधिकारियों के साथ बैठक कर यह स्पष्ट किया कि भूमि अब नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आती है और तत्काल अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। कार्रवाई के दौरान जैसे ही निगम की जेसीबी मशीनें पहुँचीं, अवैध निर्माण करने वाले लोग खुद ही अपना कब्जा हटाने लगे। कई लोगों ने अपने ढांचे स्वयं गिरा दिए। महापौर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को भी सख़्त चेतावनी दी, विशेषकर स्थानीय सुपरवाइजर को, जिसने इतने वर्षों से वहाँ चल रहे अवैध कार्य की सूचना किसी अधिकारी को नहीं दी थी। महापौर ने कहा कि यह भूमि वसुंधरा के सबसे प्रमुख स्थानों में से एक है। यहाँ वर्षों से अवैध रूप से मीट काटा जा रहा था, जिससे स्थानीय लोग परेशान थे। अब यह भूमि पूरी तरह से कब्जा मुक्त है। यहाँ जल्द ही एक सुंदर और स्वच्छ मार्किट का निर्माण किया जाएगा ताकि क्षेत्र का सौंदर्य बढ़े और लोगों को सुविधाएँ मिलें। स्थानीय निवासियों ने महापौर सुनीता दयाल का आभार जताते हुए कहा कि वर्षों पुरानी उनकी समस्या का समाधान आखिरकार हुआ है। लोगों ने कहा कि जहाँ पहले गंदगी, दुर्गंध और अराजकता फैली रहती थी, अब वहाँ स्वच्छता और विकास की उम्मीद जगी है। इस मौके पर नगर निगम के कर अधीक्षक बी.के. लाल, जोनल स्वच्छता अधिकारी विनोद कुमार, सहायक अभियंता अनूप शर्मा, अवर अभियंता संजय गंगवार, अवर अभियंता सोमेंद्र तोमर, सफाई निरीक्षक अशोक सहित आवास विकास परिषद के अधिशासी अभियंता और अवर अभियंता भी मौजूद रहे। महापौर की इस सख़्त कार्रवाई ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि गाजियाबाद में अवैध कब्जों और अतिक्रमण पर अब कोई समझौता नहीं होगा। नगर निगम की यह मुहिम न केवल प्रशासनिक सख़्ती का उदाहरण है, बल्कि यह शहर की स्वच्छता और कानून व्यवस्था के प्रति नगर निगम की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

**वसुंधरा में पॉश लोकेशन पर अवैध मीट की दुकान और कब्जे हट**

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य राष्ट्रभक्ति समारोह का आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा शुक्रवार को भारत माता चौक, शालीमार गार्डन में भव्य सांस्कृतिक एवं राष्ट्रभक्ति समारोह का आयोजन किया गया। नगर के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, कार्यकताओं, युवाओं और नागरिकों की बड़ी उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप प्रदान किया। समारोह की शुरूआत भारत माता की प्रतिमा और राष्ट्रगीत के रचनाकार बंकिम चंद्र चटोपाध्याय के चित्र पर मालार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद सभी उपस्थितजनों ने एक साथ 'वंदे मातरम्' का पूर्ण गायन किया, जिससे पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम और उत्साह की भावना से गुंजायमान हो उठा। मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा की धड़कन और हमारी सांस्कृतिक चेतना का केंद्र है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इस गीत ने मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना को जन-जन तक पहुँचाया और आज भी यह हमारे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। आवश्यकता इस बात की है कि हम वंदे मातरम् को केवल औपचारिकता के रूप में न गाएं, बल्कि इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत सांस्कृतिक पुनर्जागरण और राष्ट्रीय स्वाभिमान के युग में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने लोगों से वोकल फॉर लोकल का संकल्प लेने और स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की अपील की ताकि देश आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सके। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि भारत माता चौक पर उमड़ी यह जनभावना गाजियाबाद की देशभक्ति परंपरा का सजीव प्रमाण है। उन्होंने कहा कि जब समाज के सभी वर्ग एक साथ राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत के माध्यम से मातृभूमि को नमन करते हैं, तो यह भारत की एकता और अखंडता का सर्वोत्तम उदाहरण बन जाता है। सांसद अतुल गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने का यह आयोजन आने वाली पीढियों में राष्ट्रप्रेम की जड़ें मजबूत करेगा। यह केवल एक स्मरण समारोह नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और स्वाभिमान के पुनर्संवर्धन का प्रतीक है। पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा कि गाजियाबाद सदैव संगठननिष्ठ और राष्ट्रनिष्ठ पहचान के लिए जाना जाता है और आज की उपस्थिति ने इस परंपरा को और अधिक सशक्त किया है। उन्होंने कहा कि जब नागरिक राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रधर्म को प्राथमिकता देते हैं, तभी सच्चे अर्थों में विकास और समरसता का मार्ग प्रशस्त होता है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायिका इमोना विक्टर और गायक विक्टर ने देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनसे वातावरण उत्साह और उमंग से भर गया। मंच पर बच्चों और युवा कलाकारों की प्रस्तुतियों ने भी सबका मन मोह लिया और श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि गाज़ियाबाद ने एक बार फिर यह साबित किया है कि राष्ट्रभक्ति हमारी संस्कृति और जीवन का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् के स्वर केवल गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की अभिव्यक्ति हैं। आयोजन की व्यवस्था में अमित त्यागी, प्रदीप चौधरी, रवि भाटी, धीरज अग्रवाल सहित अनेक कार्यकताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जबकि कार्यक्रम के मुख्य संयोजन में सरदार सिंह भाटी, कालीचरण पहलवान और रवि भाटी की भूमिका विशेष रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जहां उपस्थित सभी लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाकर राष्ट्र के प्रति अपनी अटूट निष्ठा व्यक्त की। पूरा भारत माता चौक तिरंगे रंगों से जगमगा उठा और वातावरण में वंदे मातरम् के स्वर देर तक गूंजते रहे, मानो यह राष्ट्रगीत आज भी भारत की आत्मा की धड़कन के रूप में जीवंत हो।

# पुरानी रंजिश में कार से टक्कर, युवक की हत्या की कोशिश के तीन आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव चुडियाला के पास एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जिसमें पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। घटना के अनुसार, सैदपुर निवासी अशोक राठी किसी काम से सैदपुर से चुडि ?ाला की ओर जा रहे थे, तभी अचानक एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी और उनके पैर पर कार चढ़ा दी। अशोक ने बताया कि जैसे ही उन्होंने शोर मचाया और आसपास के लोग घटना की ओर आए, आरोपी कार लेकर मौके से फरार हो गए।

गंभीर चोट लगने के कारण अशोक को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार किया गया। पुलिस ने बताया कि यह हमला अशोक और आरोपित पक्ष के बीच पुरानी रंजिश के कारण हुआ है। दोनों पक्ष पहले भी एक-दूसरे के खिलाफ कई मामले दर्ज करा चुके हैं। घटना की रिपोर्ट अशोक राठी की तहरीर पर दर्ज की गई। एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि तहरीर के आधार पर संजय, हर्षित और कुलदीप नामक तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस पूरी गंभीरता से इस मामले की जांच कर रही थी और आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी में कोई चूक नहीं की गई। इस घटना ने इलाके में लोगों में सदमे और भय का माहौल पैदा कर दिया है। ग्रामीणों ने कहा कि यह केवल एक व्यक्तिगत रंजिश का मामला है, लेकिन इससे इलाके की सुरक्षा पर सवाल उठ सकते हैं। पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे सुरक्षा बनाए रखें और किसी भी विवाद में सीधे हस्तक्षेप न करें, बल्कि तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

# इंदिरापुरम के डी. मॉल में एक्सिस बैंक की तीसरी शाखा का शुभारंभ क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम क्षेत्रवासियों के लिए बैंकिंग सेवाओं में एक और अहम कदम जुड़ गया है। इंदिरापुरम के डी. मॉल में एक्सिस बैंक की नई शाखा का भव्य उद्घाटन शुक्रवार को हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यापारी एकता समिति संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने शिरकत की और बैंक के लॉकर द्वार का रिबन काटकर शाखा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एक्सिस बैंक के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट राजीव चावला, प्रॉपर्टी के मालिक अंकुर बंसल, व्यापारी एकता समिति से सरवन गर्ग और मुकेश कुमार, बैंक की ब्रांच हेड मिसेज निहा अग्रवाल तथा ऑफिस हेड मिसेज अंजलि वार्ष्णेय विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने नए बैंक शाखा खुलने पर प्रसन्नता व्यक्त की और इसे क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने एक्सिस बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि इस शाखा के खुलने से न केवल शक्ति खंड और नीति खंड के निवासियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि यशोदा अस्पताल के आसपास के मरीजों और कर्मचारियों को भी बैंकिंग सेवाएं सुलभ होंगी। इतना ही नहीं, वैशाली और इंदिरापुरम के अन्य क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी अब बेहतर बैंकिंग सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने आगे कहा कि इंदिरापुरम में आबादी के लगातार बढे के कारण बैंकिंग सेवाओं पर दबाव बढ़ गया है। पहले से ही एक्सिस बैंक की दो शाखाएं यहां कार्यरत हैं, लेकिन ग्राहकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए तीसरी शाखा का खुलना एक स्वागतयोग्य कदम है।

# पंचायत चुनाव के पहले ग्राम प्रधान के घर अंधाधुंध फायरिंग, गांव में फैली दहशत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जैसे-जैसे पंचायत चुनाव नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे ग्रामीण क्षेत्रों में सियासी हलचल और तनाव बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में वेव सिटी थाना क्षेत्र के ग्राम पुठी से एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहाँ ग्राम प्रधान वीरेंद्र यादव के घर पर अज्ञात हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। घटना की पूरी कार्रवाई सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बीती रात ग्राम प्रधान के घर के बाहर थार गाड़ी में सवार तीन-चार युवकों ने घर को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ गोलियां चलाई। प्रधान के पुत्र अनुज यादव ने बताया कि हमलावरों के पास लाइसेंसी बंदूक और रिवॉल्वर थी। गोलियों की आवाज सुनकर परिवार के सदस्य भयभीत होकर घर के अंदर भागे और किसी तरह अपनी जान बचाई। अनुज यादव ने यह भी बताया कि यह वही लोग हैं जिन्होंने कुछ समय पहले गाजियाबाद कोर्ट परिसर में भी उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बावजूद हमलावरों ने अब उनके घर पर हमला कर अपनी मंशा जाहिर कर दी। उन्होंने कहा कि पहले ही कविनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी। एसीपी प्रियाश्री पाल ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर भेजी गई। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान की जा रही है और पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने 'वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ भव्य उत्सव के रूप में मनाई



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा शुक्रवार को सभी थानों, शाखाओं और कार्यालयों में सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया। यह अवसर न केवल राष्ट्रगीत के प्रति सम्मान का प्रतीक बना, बल्कि देशभक्ति और अनुशासन का संदेश भी पूरे शहर में गूंजा। कार्यक्रम का आयोजन ट्रांस हिंडन/लाइन्स क्षेत्र में किया गया, जहाँ पुलिस उपायुक्त निमिष पाटील के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित परमजीत हॉल में सभी पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण भी देखा गया और सभी ने एक स्वर में 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन किया। गांवों और ग्रामीण क्षेत्रों के थानों में भी इसी प्रकार का आयोजन किया गया। पुलिसकर्मियों ने अपने कार्यालयों में एक साथ प्रधानमंत्री के संदेश को सुना और इसके बाद राष्ट्रगीत का गायन किया। इस अवसर पर उपस्थित पुलिसकर्मी, अधिकारी और स्टाफ सदस्य राष्ट्रभावना से ओतप्रोत दिखाई दिए। प्रत्येक पंक्ति के साथ देशभक्ति का उत्साह और एकता का संदेश देखने को मिला। डीसीपी निमिष पाटील ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की आत्मा है। इस गीत ने स्वतंत्रता संग्राम में करोड़ों देशवासियों को प्रेरणा दी और आज भी यह गीत सभी नागरिकों के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से आग्रह किया कि वे अपने कर्तव्यों का पालन राष्ट्रसेवा की भावना से करें और समाज में एकता, अनुशासन तथा देशभक्ति की मिसाल कायम रखें। इस आयोजन ने यह संदेश भी दिया कि भारत की असली शक्ति उसकी सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय एकता में निहित है।

समग्र रूप से देखा जाए तो यह आयोजन गाजियाबाद पुलिस की पेशेवर अनुशासनबद्धता और राष्ट्रप्रेम की भावना का प्रतीक बन गया। पुलिसकर्मियों ने सामूहिक गायन और प्रधानमंत्री के संदेश का पालन करते हुए यह प्रदर्शित किया कि राष्ट्रप्रेम केवल शब्दों में नहीं, बल्कि कर्तव्यों और अनुशासन में भी प्रकट होना चाहिए। इस तरह, गाजियाबाद पुलिस ने वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने का पर्व श्रद्धा, अनुशासन और देशभक्ति के साथ मनाकर यह साबित किया कि देशभक्ति की भावना आज भी युवा और अनुभवी सभी पुलिसकर्मियों में उतनी ही जीवंत है, जितनी स्वतंत्रता आंदोलन के समय थी।

# आई.टी.एस. डेंटल कॉलेज में मनाया गया नेशनल टूथब्रशिंग डे

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आई.टी.एस. डेंटल कॉलेज, मुरादनगर में शुक्रवार को नेशनल टूथब्रशिंग डे का भव्य आयोजन किया गया। यह दिन पूरे विश्व में मौखिक स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व को उजागर करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इसका उद्देश्य न केवल बच्चों और युवाओं में सही ब्रशिंग की आदतें विकसित करना है, बल्कि वयस्कों और बुजुर्गों को भी यह समझाना है कि स्वस्थ दांत ही समग्र स्वास्थ्य की कुंजी हैं। कार्यक्रम का आरंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ, जिसमें दंत चिकित्सक, छात्र, स्कूली बच्चे और मरीज बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# 9 नवम्बर को महावीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन गुरजिंदर सिंह सूरी का 26वां शहीद दिवस




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले महावीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन गुरजिंदर सिंह सूरी की शहादत को नमन करने के लिए गाजियाबाद एक बार फिर देशभक्ति की भावना से सराबोर होगा। 9 नवम्बर को प्रातः 10 बजे शास्त्री नगर स्थित कैप्टन सूरी पार्क में शहीद के 26वें शहीद दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शहीद के पिता कर्नल टी. पी. सिंह सूरी ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष की भांति इस बार भी पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ किया जाएगा। इस वर्ष का आयोजन विशेष रूप से प्रेरणादायक होने वाला है, जिसमें नगर के नागरिक, विद्यार्थी, सैन्य अधिकारी और विभिन्न सामाजिक संस्थाएँ एक साथ मिलकर देश के वीर सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती सुनीता दयाल करेंगी। इस अवसर पर सेना के वरिष्ठ अधिकारी मेजर जनरल जय सिंह बैंसला और लेफ्टिनेंट जनरल गोविंद सिंह चंदेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। दोनों अतिथि अपने प्रेरक विचारों से उपस्थितजनों को संबोधित करेंगे और शहीद की वीरता को याद करेंगे। कार्यक्रम में 12 बिहार रेजिमेंट के अधिकारी और जवान भी शामिल होंगे, जो शहीद कैप्टन सूरी की शौर्यगाथा को सलामी देंगे। इसके साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत माता के इस वीर पुत्र को श्रद्धांजलि दी जाएगी। वातावरण में देशभक्ति के गीतों की गूंज और तिरंगे झंडों की लहराहट उस क्षण को और भी भावनात्मक बना देगी। ओं के पदाधिकारी, शहर के गणमान्य नागरिक और पूर्व सैनिक संगठन के सदस्य भी उपस्थित रहेंगे, जो शहीद के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे और देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति सभी उपस्थित नागरिक संकल्प लेंगे।

# डीसीपी सिटी धवल जायसवाल की नेतृत्व क्षमता ने दिखाई कमाल की कार्यशैली- 200 चोरी और गुम मोबाइल फोन बरामद

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि डीसीपी सिटी धवल जायसवाल के नेतृत्व में प्रशासनिक कार्यशैली कितनी प्रभावशाली और जनता-केंद्रित हो सकती है। हाल ही में चलाए गए विशेष अभियान में शहर और पड़ोसी राज्यों से कुल 200 चोरी और गुम मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिससे आम नागरिकों को बड़ी राहत मिली और पुलिस की तत्परता और दक्षता को नए स्तर पर देखा गया। इस अभियान की सफलता के पीछे डीसीपी धवल जायसवाल की रणनीतिक और अनुशासित कार्यशैली का अहम योगदान रहा। उन्होंने विभिन्न थानों, सर्विलांस और स्वॉट टीमों को समन्वय के साथ काम करने के लिए निर्देशित किया और मोबाइल रिकवरी के लिए विशेष सर्विलांस सेल को सक्रिय किया। इस सेल ने आधुनिक तकनीक और डेटा ट्रेसिंग प्रणाली का उपयोग करते हुए चोरी या गुम हुए मोबाइलों को उत्तर प्रदेश के बाहर हरियाणा, दिल्ली, बिहार और पश्चिम बंगाल तक ट्रैक किया। डीसीपी धवल जायसवाल ने बताया कि अभियान के दौरान सभी टीमों ने लगातार निगरानी और आपसी समन्वय बनाए रखा। उनका नेतृत्व न केवल सक्रिय और सतर्क था, बल्कि उन्होंने टीम को नागरिक सेवा की भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा भी दी। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि सभी रिकवर किए गए मोबाइलों को कानूनी प्रक्रिया के तहत उनके असली मालिकों को लौटाया जाए। मोबाइल मालिकों ने इस कार्रवाई पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका खोया हुआ मोबाइल वापस मिल पाएगा। डीसीपी ने यह भी स्पष्ट किया कि मोबाइल चोरी की घटनाओं पर लगातार निगरानी रखी जाएगी और भविष्य में 'ऑपरेशन मोबाइल रिकवरी' जैसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे। गाजियाबाद पुलिस की इस सफलता ने शहर में आम जनता में सुरक्षा और भरोसे का माहौल पैदा किया। डीसीपी धवल जायसवाल की सख्त अनुशासनप्रिय, योजनाबद्ध और तकनीकी दृष्टिकोण वाली कार्यशैली ने यह दिखाया कि अपराध नियंत्रण में आधुनिक तकनीक और रणनीतिक नेतृत्व का मेल कितना असरकारक होता है।